सुविचार
तन मेरो मन पीउ को, दोउ भए एक रंग।
-अमीर खुसरो

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 13 May 2025 ● Year : 03 ● Issue : 117 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

12 Ashi Singh Hits Back At Mahira...

SHARE

संसेक्स	:	82,429.90
निफ्टी	:	24,924.70

SARAFA

सोना	:	9,060
चांदी	:	109.0

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

मोतिहारी से 10 लाख का इनामी खालिस्तानी आतंकी गिरफ्तार

EAST CHAMPARAN : बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र से पुलिस और एनआईए की संयुक्त कारवाई में रविवार देर शाम 10 लाख रुपये के इनामी खालिस्तानी आतंकी कश्मीर सिंह ग्लावड्डी उर्फ बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार भारत विरोधी गतिविधियो में शामिल रहे आतंकी कश्मीर नेपाल में छिपकर रह रहा था। इन दिनों किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, जिसको लेकर वह नेपाल से मोतिहारी पहुंचा था। पंजाब के लुधियाना सदर में खन्ना थाना क्षेत्र के ग्लावड्डी गांव निवासी कश्मीर सिंह वर्ष 2016 में पंजाब के पटियाला जिले के नाभा जेल ब्रेक के दौरान केएलएफ के साथ भाग निकला था।

जैसलमेर में मिला बम एसएमएस स्टेडियम को उड़ाने की धमकी

JAIPUR : भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच राजस्थान के कई इलाकों में सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया है। जैसलमेर में सोमवार दोपहर एक बम मिला, जिसे सेना के बम निरोधक दस्ते ने समय रहते निष्क्रिय कर दिया। यह बम शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर एक सुनसान इलाके में पाया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सेना को बुलाकर बम को डिस्पोज किया गया। श्रीगंगानगर और इसके चार उपखंडों में सीमा से सटे तीन किलोमीटर क्षेत्र में रात सात बजे से सुबह छह बजे तक आमजन की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।

छत्तीसगढ़ में सड़क हादसा, 13 लोगों की गई जान, 10 घायल

RAIPUR : छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे खरोरा में रविवार आधी रात रायपुर-बलौदबाजार रोड पर सारागांव के पास एक यात्री वाहन की पहले ट्रेलर, फिर डंपर से टक्कर होने से 13 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 10 से ज्यादा घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने बताया कि देर रात खरोरा इलाके में हुए हादसे में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मृत्यु की सूचना मिली है। घायलों को रायपुर के मेडिकल कालेज हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। हादसे में मरने वालों में चार बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं।

रोहित शर्मा के बाद विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

2014 से 2019 के बीच ऐसी ऊंचाइयों को छुआ, जहां नहीं पहुंच सके कई क्रिकेटर

पंजाब के इस खिलाड़ी ने 32 टेस्ट में 35 के औसत से बनाए 1893 रन

BENGLURU @ PTI
रोहित शर्मा के बाद टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कोहली ने अपने संन्यास की घोषणा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर की। टी-20 से वह पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने सफेद जर्सी में बिताए 14 सालों के सफर को शांत परिश्रम और जीवन भर के सबक वाला अनुभव बताया। कोहली ने लिखा, मैंने इस फॉर्मेट को अपना सब कुछ दिया और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है। पंजाब के इस खिलाड़ी ने 32 टेस्ट में 35 के औसत से 1893 रन बनाए हैं। लेकिन, गिल का इंग्लैंड में रिकॉर्ड औसत है, जिसमें तीन टेस्ट में 14.66 की औसत से 88 रन शामिल हैं। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट के दौरान फिडेल एडवड्र्स के खिलाफ संघर्ष के बारे में बात करते हुए हताशा व्यक्त की थी। यह ऐसी शुरूआत नहीं थी, जिसकी एक महत्वाकांक्षी युवक को चाहत होती है। तब थोड़ी चिंता और भ्रम दिख रहा था। किंग्स्टन के एक रेस्तरां में लगभग 20 मिनट की बातचीत का समापन इस तरह किया, लेकिन मैं छोड़ूंगा नहीं। उन्होंने चुनौती से लड़ना नहीं छोड़ा और 2014 से 2019 के बीच ऐसी ऊंचाईयों को छुआ जिन पर आधुनिक युग के कई क्रिकेटर नहीं चढ़ पाए हैं।

9230 रन, 30 शतक और एक 'बैगी ब्लू' गर्व

36 वर्षीय विराट कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 123 मैच खेले और 9,230 रन बनाए। उन्होंने 30 शतक और 31 अर्धशतक जमाए। कोहली ने सबसे ज्यादा नौ शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाए, जबकि सबसे कम दो बांग्लादेश के खिलाफ। उनकी तकनीक, जुनून और मानसिक मजबूती ने उन्हें दुनिया के बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाजों में शामिल किया।

सबसे सफल भारतीय टेस्ट कप्तान

विराट कोहली ने 2014 में भारत की टेस्ट कप्तानी संभाली और 2022 में उससे इस्तीफा दिया। उनके नेतृत्व में टीम इंडिया ने 68 में से 40 टेस्ट मैच जीते, जो किसी भी भारतीय कप्तान के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड है। उन्होंने भारत को न सिर्फ घरेलू मैदानों पर बल्कि विदेशों में भी बड़ी जीत दिलाई।

विदाई नहीं, विरासत है ये

विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से जाना भारतीय क्रिकेट में एक युग के अंत की तरह है। लेकिन उनके द्वारा स्थापित की गई संस्कृति, उपलब्धियां और सोच आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनकर जीवित रहेंगी। कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा,मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा।

सीजफायर के 51 घंटे बाद प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र को किया संबोधित, कहा-

न्याय के प्रति अखंड प्रतिज्ञा है ऑपरेशन सिंदूर

NEW DELHI @ PTI : सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के 51 घंटे बाद रात 8 बजे राष्ट्र को संबोधित किया। आतंकवादियों के प्रति भारत द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर को न्याय के प्रति अखंड प्रतिज्ञा करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हर आतंकवादी और आतंकवादी संगठन यह जान गया है कि हमारी मां-बेटियों के माथे से सिंदूर मिटाने का क्या अंजाम होता है। मोदी ने देश के बहादुर सशस्त्र बलों, सैनिकों, वैज्ञानिकों और खुफिया एजेंसी को 'सेल्यूट' किया।

उन्होंने कहा कि पहलगाम में 22 अप्रैल को जो कुछ हुआ, उसने देश और पूरी दुनिया को झकझोर दिया। उन्होंने कहा कि देश के मासूम नागरिकों को उनका धर्म पूछकर उनके परिवार के सामने क्रूरता से मार दिया गया। मोदी ने कहा कि उनके लिए व्यक्तिगत रूप से यह पीड़ा बहुत बड़ी थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ खड़ा हो गया। उन्होंने कहा, मैं सशस्त्र बलों की इस बहादुरी को, इस देश की माताओं, बहनों और बेटियों को समर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना में आतंकवाद का 'वीभत्स चेहरा' सामने आया। उन्होंने कहा,हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए हमारे सशस्त्र बलों को खुली छूट दे दी थी। उन्होंने कहा कि इस अखंड प्रतिज्ञा को देश और दुनिया ने देख लिया है।

» हर आतंकवादी आज जान गया कि हमारी मां-बेटियों का सिंदूर मिटाने का क्या होता है अंजाम

» देश के बहादुर सशस्त्र बलों, सैनिकों, वैज्ञानिकों और खुफिया एजेंसी को पीएम ने किया सैल्यूट

भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ ने की बातचीत

NEW DELHI : भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी रोकने के लिए दोनों पक्षों के बीच 10 मई को बनी सहमति के विभिन्न पहलुओं पर सोमवार को विचार-विमर्श किया। हॉटलाइन पर यह बातचीत पहले दोपहर 12 बजे होनी थी। हालांकि यह बातचीत शाम करीब पांच बजे शुरू हुई। भारतीय सेना ने कहा, डीजीएमओ स्तर की वार्ता संपन्न हो गई है। आगे के विवरण की प्रतीक्षा है और इसे उचित समय पर साझा किया जाएगा।दोनों डीजीएमओ के बीच शनिवार को वार्ता के बाद सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी रोकने के लिए सहमति की घोषणा की गई। यद्यपि शनिवार रात को पाकिस्तानी सेना द्वारा सहमति का उल्लंघन करने के मामले सामने आए, लेकिन रविवार रात को ऐसी कोई घटना नहीं हुई। सेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, जम्मू कश्मीर और अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे अन्य क्षेत्रों में रात कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रही। इसमें कहा गया, किसी घटना की सूचना नहीं मिली है, जो हाल के दिनों में पहली शांत रात है।

इंडियन आर्मी ने पाकिस्तान को फिर दिखाया आईना, कहा-

हम अगले मिशन के लिए तैयार

NEW DELHI : सोमवार को भारतीय सेना ने एक बार फिर पाकिस्तान को आईना दिखाया और बताया कि भारत की वायु रक्षा प्रणाली कितनी मजबूत है। साथ ही बिना सबूत के खुद को महिमामंडित कर रहे पाकिस्तान को सबूत के साथ बताया कि भारत की व्यापक मारक क्षमता ने कैसे उसके महत्वपूर्ण सैन्य ढांचों को ध्वस्त कर दिया। यह स्पष्ट कर दिया कि सभी सैन्य अड्डे और प्रणालियां पूरी तरह से सक्रिय हैं और सेना अगले मिशन के लिए तैयार है। भारतीय सशस्त्र बलों की ओर स राष्ट्रीय मीडिया केंद्र पर ऑपरेशन सिंदूर पर दूसरी विशेष पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसमें वायुसेना, थलसेना और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने मीडिया को संबोधित किया और ऑपरेशन के दौरान की गई सैन्य कार्रवाइयों, तैयारियों और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण साझा किया। एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि अगर भविष्य में कोई लड़ाई होती है, तो वह पिछली लड़ाइयों से बिल्कुल अलग होगी। हर युद्ध की अपनी रणनीति होती है। आज टेक्नोलॉजी तेजी से आगे बढ़ रही है और हम भी उस अडवांसमेंट का हिस्सा हैं।

भय बिनु होइ न प्रीति

एयर मार्शल एके भारती ने पत्रकार वार्ता में रामचरित मानस की पंक्तियों का उपयोग कर पूरे ऑपरेशन को कुछ शब्दों में समझा दिया। उन्होंने कहा कि गोस्वामी जी ने लिखा है, ह्यबिनय न मानत जलधि जड़ गए तीनि दिन बीति। बोले राम सकोप तब भय बिनु होइ न प्रीति। उन्होंने कहा कि यह पंक्तियां आज भी प्रासंगिक हैं और हमारी नीति को स्पष्ट करती हैंझ्र शांति की चाह के बावजूद यदि दुस्साहस किया गया, तो उत्तर मिलेगा। एके भारती ने बताया कि सभी सैन्य अड्डे और प्रणालियां पूरी तरह से सक्रिय हैं और किसी भी भविष्य की चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत वायुसेना द्वारा भेदे गए लक्ष्यों की समग्र तस्वीर भी प्रस्तुत की।

शेयर बाजार ने लगाई लंबी छलांग, सेंसेक्स 2975 अंक चढ़ा

MUMBAI : सोमवार को भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव कम करने के लिए बनी सहमति का स्थानीय शेयर बाजार ने शानदार स्वागत किया और मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी ने करीब चार प्रतिशत की छलांग के साथ एक कारोबारी सत्र की सबसे ऊंची बढ़त दर्ज की। बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में 2,975.43 अंक की जबर्दस्त तेजी देखी गई जबकि एनएसई निफ्टी ने 916.70 अंक की बड़ी छलांग लगाई। विश्लेषकों ने कहा कि पाकिस्तान के साथ जारी तनाव कम करने के लिए दोनों देशों के बीच सहमति बनने से निवेशकों के बीच सकारात्मक धारणा बनी। इसके अलावा अमेरिका और चीन के बीच सीमा शुल्क संबंधी समझौते की घोषणा से भी निवेशक उत्साहित हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,975.43 अंक यानी 3.74 प्रतिशत बढ़कर सात महीने से अधिक के उच्चस्तर 82,429.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3,041.5 अंक बढ़कर 82,495.97 अंक पर पहुंच गया था।

रांची में गला रेतकर दो युवकों को उतारा मौत के घाट, तत्परता से जांच में जुटी पुलिस

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र में रविवार रात गला रेतकर दो युवकों की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने दोनों युवकों के शव बरामद कर लिए हैं, लेकिन उनकी पहचान नहीं हो पाई है। रविवार देर रात धुर्वा पुलिस को सूचना मिली थी कि बालसिरिंग स्थित पुल के पास दो युवकों के शव देखे गए हैं। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तफ्तीश शुरू की, तो पता चला कि दोनों युवकों की हत्या को अंजाम किसी धारदार हथियार से अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों की हत्या किसी दूसरी जगह पर की गई है और शवों को यहां लाकर फेंक दिया गया है।

- मृतकों की अब तक नहीं हो सकी है शिनाख्त, स्थानीय लोग भी नहीं पहचान सके
- मृतकों की जेब से नहीं मिली है पहचान करने वाली कोई वस्तु सभी थानों में भेजी गई तस्वीर
- कहीं और हत्या कर बालसिरिंग स्थित पुल के पास डेड बॉडी फेंकने की जताई जा रही आशंका

हटिया पुलिस उपाधिक्षक (डीएसपी) प्रमोद मिश्रा भी इस दोहरे हत्याकांड की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे। उनकी अगुवाई में काफी छानबीन और आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद भी शवों की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। स्थानीय लोग भी शवों को पहचान नहीं पाए हैं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि जहां से शव बरामद किए गए हैं, वह काफी सुनसान इलाका है, वहां बहुत कम लोग ही आते-जाते हैं। डीएसपी ने सोमवार को बताया कि दोनों मृतकों की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। यह तो तय है कि दोनों स्थानीय (लोकल) नहीं हैं, क्योंकि दोनों को कोई पहचान नहीं पाया है। मृतकों की जेब से भी कोई ऐसी वस्तु नहीं मिली है, जिससे कि उनकी पहचान की जा सके।

पंजाब में पाकिस्तान की सीमा से सटे पांच जिलों में नहीं खुले स्कूल

CHANDIGARH : सीज फायर के बाद पंजाब में हालात सामान्य होने लगे हैं। राज्य के 23 में से 18 जिलों में सोमवार से स्कूल खुल गए हैं जबकि पाकिस्तान की सीमा से सटे पांच जिलों में अभी भी स्कूल व अन्य शिक्षण संस्थानों को बंद रखा गया है। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में भी अब हालात कुछ सामान्य होने लगे हैं। इसके बावजूद अमृतसर, फिरोजपुर, तरनतारन, पठानकोट व बरनाला जिलों में स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। रविवार रात गुरदासपुर जिले के बटाला, फिरोजपुर तथा पठानकोट क्षेत्र में ब्लैकआउट किया गया। पंजाब के जालंधर में रविवार शाम चार संदिग्ध व्यक्तियों को देखा गया।

सारंडा जंगल क्षेत्र में आईईडी ब्लास्ट, जवान गंभीर रूप से जख्मी, रांची में चल रहा इलाज

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित छोटानागरा थाना क्षेत्र के कुलापाबुरू, दलाईगढ़ा और मरांगपोंगा के जंगली-पहाड़ी इलाके में सोमवार को नक्सलियों की ओर से लगाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में झारखंड जगुआर बम निरोधक दस्ता के आरक्षी मनोज कुमार दमाई घायल हो गए। घायल जवान को पुलिस बल की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्यालय और सीआरपीएफ के सहयोग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची के राज अस्पताल भेजा गया। जहां जवान का इलाज चल रहा है। जवान के पैर में चोट है। जवान की स्थिति स्थिर है। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत और रापा मुंडा अपने दस्ते के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों के लिए भ्रमणशील हैं। इसी सूचना के आधार पर चाईबासा पुलिस, कोबरा 203 एवं 209 बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ 26, 60, 134, 174, 193, 197 बटालियन की संयुक्त टीम की ओर से चार मार्च से लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान सोमवार को नक्सलियों की ओर से पूर्व में लगाए गए आईईडी में विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में आकर आरक्षी मनोज कुमार दमाई घायल हो गए। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ जिले में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

बड़ी उपलब्धि लंबे समय तक अनुसंधान के बाद पर्यावरणविदों ने विकसित की तकनीक

अब पोषक तत्वों में तब्दील हो सकेगा हर प्रकार का जैविक कचरा

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : विभिन्न प्रकार की मानव गतिविधियों के कारण रोज तरह-तरह का कचरा पैदा होता है। कचरे का समय पर सही तरीके से निस्तारण नहीं होने पर प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है। प्रदूषण के कारण बीमारियां पैदा होती हैं। पिछले कुछ वर्षों में कचरे के निस्तारण पर नई-नई तकनीक का विकास हुआ है। इस क्रम में हाल में हुए अनुसंधान से यह पता चला है कि विभिन्न नवाचारों की प्रक्रिया से गुजरने के बाद जैविक कचरे को पोषक तत्व में तब्दील किया जा सकता है। लंबे समय तक अनुसंधान के बाद जैविक कचरे को उपयोगी पोषक तत्व में बदलने के लिए पर्यावरणविदों ने अपशिष्ट से पोषण तकनीक विकसित की है। इस तकनीक का उद्देश्य कृषि, वानिकी और भोजन से उत्पन्न जैविक कचरे को उपयोगी पोषक तत्वों या खाद्य स्रोतों में परिवर्तित करना है, ताकि मनुष्य या पशु इसका उपभोग कर सकें। इससे न केवल बेहतर ढंग से कचरे का निपटान हो सकेगा, बल्कि नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभावों में भी कमी आ सकेगी।

कचरे को मूल्यवान पोषक उत्पादों में बदलने के लिए अपनाई जाती है नवाचारों की प्रक्रिया

» कृषि, वानिकी और भोजन से उत्पन्न वेस्ट को बनाया जाएगा उपयोगी खाद्य स्रोत

» पशु आहार या मानव आहार के रूप में किया जा सकता है पोषक तत्व का इस्तेमाल

» नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से कचरे का बेहतर तरीके से किया जाएगा प्रबंधन

» पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों में भी लाई जा सकेगी कमी

पौधों से सीधे प्राप्त होगा प्रोटीन

इसके अलावा पौधों से प्रोटीन निष्कर्षण यानी वनस्पति अपशिष्ट से सीधे प्रोटीन प्राप्त किए जाते हैं, जिन्हें आहार अनुपूरक के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इसी तरह माइक्रोप्रोटीन और माइक्रोबियल प्रोटीन उत्पादन भी किया जा सकता है। इसके तहत फफूंद और बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्मजीवों के माध्यम से प्रोटीन तैयार किए जाते हैं, जो वैकल्पिक प्रोटीन स्रोतों के रूप में प्रयोग किए जा सकते हैं। यह अध्ययन नेचर सस्टेनेबिलिटी में प्रकाशित हुआ है।

» यीस्ट जैसे सूक्ष्मजीवों की मदद से पोषण सामग्री में बदलते हैं खाद्य सह-उत्पाद

संतुलित आवश्यकता के अनुरूप उपयोग जरूरी

नई रिसर्चसे यह बात सामने आई है कि इन नवाचारों की पर्यावरणीय दक्षता पर कई कारक निर्भर करते हैं, विशेष रूप से यह कि उपभोक्ता इन उत्पादों को कितनी स्वीकृति देते हैं। यदि इन तकनीकों से तैयार प्रोटीन का उपयोग बड़े पैमाने पर मांस की जगह किया जाए, कम से कम 80 फीसदी प्रतिस्थापन (रिप्लेसमेंट) तभी इनसे पर्यावरणीय लाभ अधिक हो सकते हैं। सीधे जैविक कचरे को पशु आहार के रूप में उपयोग करना अब भी एक अत्यंत प्रभावी और कम खचीर्ला तरीका है।

छत्तीसगढ़ में एक महिला सहित छह नक्सलियों ने किया सरेंडर

DANTEWADA : छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित अंदरूनी इलाकों में लगातार खोले जा रहे सुरक्षा कैंपों और नक्सलियों के विरुद्ध जारी प्रभावी कार्रवाई के फलस्वरूप संगठन में सक्रिय एक लाख की इनामी महिला नक्सली सहित छह नक्सलियों ने सोमवार को दंतेवाड़ा पुलिस केसामने आत्मसमर्पण कर दिया। इसमें दो महिला और चार पुरुष नक्सली शामिल हैं। एसपी गौरव राय ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में मोताय पदाम (19 वर्ष) निवासी वाकेली थाना बारसूर जिला दंतेवाड़ा (आमदई एलओएस सदस्य ईनामी एक लाख रुपये) व अन्य शामिल हैं।

सीएम हेमंत सोरेन ने नए मुख्यमंत्री आवास निर्माण की रखी आधारशिला

सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी धर्मपत्नी और विधायक कल्पना सोरेन के साथ मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में पूरे विधि- विधान से पूजा-अर्चना कर नए मुख्यमंत्री आवास निर्माण की आधारशिला रखी। इसके बाद नए आवास का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

पेड़ से टकराया वाहन, दो की हुई मौत

गिरिडीह में जोड़ापहाड़ी के पास हुई दुर्घटना

PHOTON NEWS GIRIDIH : शादी समारोह में भाग लेकर वापस लौट रही बाराती वाहन सोमवार को अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी । इस हादसे में दो बारातियों की मौत हो गई। चार अन्य बाराती घायल हो गए। घटना गिरिडीह डुमरी पथ के जोड़ा पहाड़ी के पास की है। मृतकों में पीरटांड़ थाना इलाके के कुम्हरलालो निवासी संतोष कुमार वर्मा (36) और मुफ्फसिल थाना इलाके के पालमो पंचायत निवासी विनोद दास (32) शामिल हैं।

घायलों में कुम्हरलालो निवासी खीरू वर्मा (44), पप्पू वर्मा (40), बबलू वर्मा (45), प्रदीप वर्मा (40) और सोनू कुमार (20) शामिल हैं। घटना को लेकर बताया गया है कि रविवार के दिन कुम्हरलालो से बारात बेलडीह गई थी।

सोमवार सुबह लगभग चार बजे जैसे ही वाहन बदडीहा से आगे बढ़ी तभी ड्राइवर को झपकी लग गई और गाड़ी पेड़ से टकरा गई। कुछ अंधेरा होने के कारण बहुत लोग मौके पर जुट नहीं सके लेकिन मामले की जानकारी पुलिस को मिल गई। सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने अपनी टीम को घटनास्थल पर भेजा।

वाहन में सवार सभी घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने दो को मृत घोषित कर दिया। घायल चार में से दो लोगों को रेफर कर दिया गया है ।

घटनास्थल से वाहन को उठाती पोकलेन मशीन • फोटोन न्यूज

जिलेबिया घाटी में ऑटो पलटने से महिला की गई जान, 10 घायल

SAHIBGANJ : साहिबगंज जिले में एक भीषण हादसा हुआ है। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के जिलेबिया घाटी में बजरंगबली मंदिर के समीप यात्रियों से भरी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई और एक बच्चा सहित 10 लोग घायल हो गए हैं। हादसे के तुरंत बाद ऑटो चालक संजू बास्की फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को साहिबगंज सदर अस्पताल भेजा गया।

मृत महिला के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। घायल यात्रियों चुनचुन मुर्मू और मेरी मुर्मू ने बताया कि वे सभी लोग साहिबगंज के महादेवगंज स्थित खेत में मजदूरी के लिए जा रहे थे। उसी दौरान जिलेबिया घाटी के ढलान में उतरते समय ऑटो का ब्रेक फेल हो गया और वह गहरी ढलान में पलट गई।

दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में आर्मी जवान की हो गई मौत

PALAMU : पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव गांव के चंद्रधन ठाकुर के पुत्र और आर्मी जवान राजेंद्र कुमार ठाकुर (34) की रविवार रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सोमवार को एमएमसीएच में डेड बॉडी का पोस्टमार्टम किया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि राजेंद्र कुमार ठाकुर बाइक से रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में गुरहा मोड़ के पास उनकी बाइक की टक्कर एक दूसरी बाइक से हो गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के जरिये उन्हें इलाज के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां लाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एमएमसीच में जरूरी प्रक्रिया पूरी कर शव का पोस्टमार्टम किया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। राजेंद्र कुमार ठाकुर लेह लद्दाख के इलाके में पदस्थापित थे और 11 मार्च से छुट्टी पर थे। रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उनकी मौत की खबर आई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे।

गोवंश की हत्या कर अस्थि-पंजर बेचने वाले 4 गिरफ्तार

पुलिस गिरफ्त में आरोपी • फोटोन न्यूज

GIRIDIH : गोवंश की हत्या कर उसके अस्थि-पंजर के अवैध कारोबार में संलिप्त चार लोगों को गिरिडीह पुलिस ने एक ट्रक के साथ गिरफ्तार किया है। बताया गया कि एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने जिले के बगोदर थान इलाके के तिरला गांव के मकान मे छापेमारी किया। बगोदर के हुसैन नगर स्थित मकान में मोईद्दिन कुरैशी, इमरान कुरैशी के साथ ट्रक चालक और बंगाल के 24 परगना के कुलपी थाना के समोद चौक निवासी दीपंकर सदर और देवशिष को दबोचा गया। कार्रवाई के दौरान मोईद्दिन ने पुलिस को बताया कि तिरला स्थित मकान बगोदर के ही हेसला गांव निवासी आजाद अंसारी का है। इसे किराये पर सिर्फ गोवंश कि हत्या कर उसके चमड़े और हड्डी के कारोबार के लिए लिया है। आरोपी ने बताया कि आजाद अंसारी भी उनके साथ इस कारोबार में शामिल है। हर दूसरे तीसरे दिन गोहत्या कर उसके चमड़े और हड्डी को बंगाल के कोलकाता भेजा जाता है।

BRIEF NEWS

क्रिकेट में डीएवी चाईबासा सुपर डिविजन में

CHAIBASA : ज्ञानचंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल चाईबासा ने शारदा उच्च विद्यालय, बड़ाबैदी को एकतरफा मुकाबले में दस विकेट से पराजित कर सुपर डिविजन में अपना स्थान पक्का कर लिया। डीएवी पब्लिक स्कूल चाईबासा की ये लगातार तीसरी जीत है। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शारदा उच्च विद्यालय की टीम 17.1 ओवर में 127 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। वहीं, निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीएवी की टीम ने 12.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 130 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

एमएमसीएच में मनाया गया वर्ल्ड नर्स डे

PALAMU : मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोमवार को वर्ल्ड नर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर एमएमसीएच के मातृ शिशु स्वास्थ्य यूनिट के प्रशाल में कार्यक्रम हुआ। आधुनिक नर्सिंग के जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल को याद किया गया। केक काटा गया और जन्मदिवस को सेलिब्रेट किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष 12 मई को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस पर नर्स डे मनाया जाता है। मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कार्यरत नर्सों ने कहा कि आज का दिन उनके लिए खास है। इस दिन से उनकी पहचान बनती है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल को हम याद कर रहे हैं। उनका जन्म 12 मई 1820 को हुआ था। वे हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने अपने समय में हाइजिन पेसेंट सेफ्टी को प्राथमिकता दी थी। इसके लिए वे जानी जाती हैं। युद्ध के दौरान बड़ी संख्या में सैनिकों की जान बचाने के लिए उन्होंने अग्रमी भूमिका निभायी थी। नर्सेज स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ हैं। नर्सो ने वर्ल्ड नर्सेज डे को ऐतिहासिक बनाने में सहयोग करने वाले गाइनिंग वार्ड के एचओडी सहित अन्य डाक्टरों का आभार जताया।

टाटा स्टील ने पीएन बोस को दी श्रद्धांजलि

JAMSHEDPUR : टाटा स्टील ने अग्रणी भू-विज्ञानी प्रमथनाथ बोस (पीएन बोस) को उनकी 170वीं जयंती पर सोमवार को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट सर्विसेज) डीबी सुंदर रामम और विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी उपस्थित थे। इस अवसर पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की झारखंड राज्य इकाई के उप महानिदेशक अखौरी विश्वप्रिय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन सेंटर फॉर एक्सीलेंस के सहयोग से प्राकृतिक संसाधन प्रभाग (एनआरडी) द्वारा किया गया था। इस अवसर पर टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (रॉ मैटेरियल) संदीप कुमार, टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह, एनआरडी के प्रमुख, टाटा स्टील के अधिकारी और टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

हनुमान मंदिर से दान पेटी हुई चोरी, जांच में जुटी पुलिस

GOILKERA : पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत गोइलकेरा में मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर से रविवार की मध्यरात्रि में दान पेटी चोरी हो गई। चोरी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। रात करीब एक बजे दो नाबालिग लड़के दान पेटी चोरी करते कैमरे में कैद हो गए हैं। चोरों ने चेहरे को कमीज से ढंकने का प्रयास भी किया, लेकिन नहीं हो पाया। सोमवार को मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने जंजीर से बंधी दान पेटी को गायब पाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी कमलेश राय मंदिर पहुंचे। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया। जिससे पता चला कि रात एक बजे दो नाबालिग लड़कों ने घटना को अंजाम दिया है। सूचना पर टूटी हुई दान पेटी को मंदिर के पीछे झाड़ियों से बरामद किया गया। इससे पहले भी गोइलकेरा के काली मंदिर और महादेवशाल धाम मंदिर में दान पेटी की चोरी की घटना हो चुकी है। इधर महावीर मंदिर में हुई चोरी की शिकायत के बाद पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

गीत-संगीत व नृत्य के साथ मनी टैगोर जयंती

JAMSHEDPUR : बहुभाषीय साहित्यिक संस्था सहयोग ने सोमवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई। पहले स्वागत भाषण देते हुए डॉ. जूही समर्पिता ने टैगोर के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अद्भुत कवि, कथाकार, शिक्षाविद व चित्रकार बताया। वहीं, मुख्य अतिथि सोमा बनर्जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सुधा गोयल ने कविगुरु की कविता मालती का अनुवाद कर सुनाया। डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन की छात्राओं अंतरा सरकार, दिया प्रामाणिक, सुमेधा पाठक व त्रिशा सरकार ने भानु श्रृंगार पदावली पर नृत्य प्रस्तुति कर दर्शकों की प्रशंसा पायी। रेणुबाला मिश्रा ने स्वरचित कविता से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की, जबकि सरिता सिंह ने अपनी कविता.. 'लेकिन लिखना तुम' सुनाई। गीता दुबे ने स्वरचित कहानी 'अनकही' सुनाई. तो पूरबी घोष ने बांग्ला कविता सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि सोमा बनर्जी ने कहा कि गुरुदेव ने दो देशों का राष्ट्रगीत लिखा। श्रीलंका का राष्ट्रीय गीत भी गुरुदेव की रचना से प्रेरित है, यह कम लोग जानते हैं। उन्होंने कहा कि आज भी गुरुदेव प्रासंगिक हैं। उनकी कहानियों पर आधारित अनेक फिल्में बनी हैं। आज शिक्षा के क्षेत्र में जो नीति लायी जा रही है, वह गुरुदेव ने आज से सौ वर्ष पहले शुरू किया था। कार्यक्रम का संचालन पामेला घोष दत्ता व धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद शाहनवाज आलम ने किया।

आरटीई मान्यता : निजी स्कूलों की बैठक आज

JAMSHEDPUR : आरटीई मान्यता को लेकर निजी स्कूलों के प्रबंधकों-संचालको की बैठक 13 मई को शाम 4 बजे मानगो पोस्ट ऑफिस रोड स्थित साउथ प्वाइंट स्कूल में होगी। दरअसल, झारखंड गैर सरकारी विद्यालय संघ ने झारखंड नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2019 (संशोधित) के खिलाफ फिर से उच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने का निर्णय लिया गया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर हुसैन ने बताया कि वर्ष 2009 में इस अधिनियम के विरुद्ध संघ ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की थी। अब इस पर फैसला आ गया है, जो यू डाइस कोड प्राप्त गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के हित में नहीं है।

इस फैसले को चुनौती देने के लिए संघ फिर से उच्च न्यायालय में जाएगा। इस संबंध में संघ ने झारखंड राज्य के सभी स्थापना अनुमति प्राप्त उच्च विद्यालयों, महाविद्यालयों और सभी कोटि के निजी विद्यालयों के संचालकों और प्रधानाध्यापकों की विशेष बैठक बुलाई है।

बोकारो के खनन विभाग ने छापेमारी कर जब्त किया 75 टन कोयला, तीन पर मामला दर्ज

नारंगडीह में केबी कॉलेज के समीप किया गया था कोयले का भंडारण

PHOTON NEWS BERMO : बोकारो जिले की डीसी विजया जाधव के निर्देश पर बोकारो खनन विभाग एवं बोकारो थर्मल थाना पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह केबी कॉलेज के समीप जलमीनार के पास से अवैध रूप से भंडारित अवैध कोयले के डिपो पर छापेमारी की। इसमें अवैध रूप से जमा कर रखे गए 75 टन अवैध स्टीम कोयला को जब्त किया गया। बोकारो खनन विभाग के निरीक्षक जितेंद्र कुमार महतो द्वारा छापेमारी के बाद जब्त कोयला के आधार पर बोकारो थर्मल थाना में अवैध उत्खनन एवं भंडारण के आरोप में जारंगडीह निवासी सोनू कुमार सिंह, कथारा ओपी क्षेत्र के असनापानी निवासी उसमान अंसारी और लाल मोहमद पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। कांड का अनुसंधानक अवर निरीक्षक दीपक कुमार पासवान को बनाया गया है।

छापेमारी के दौरान खनन निरीक्षक जितेंद्र कुमार महतो, सीताराम टुडू के अलावा बोकारो थर्मल थाना के सहायक अवर निरीक्षक पंकज कुमार भारद्वाज भी मौजूद थे। छापेमारी स्थल पर पेलोडर के माध्यम से तीन डंपर में अवैध कोयला को लोड कराकर उसे बोकारो थर्मल पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। बोकारो थर्मल थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी हालत में कोई भी अवैध धंधा संचालित नहीं होने दिया जाएगा।

छापेमारी करने पहुंची खनन विभाग की टीम • फोटोन न्यूज

पिकअप वैन पर लदे पुआल में लगी आग, बाल-बाल बचे लोग

पटमदा थाना क्षेत्र के धूसरा गांव में हुआ बड़ा हादसा

PHOTON NEWS JSR : पूर्वी सिंहभूम जिला के पटमदा थाना क्षेत्र के धूसरा गांव में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया, जब पुआल से लदे एक पिकअप वैन में आग लग गई। चालक की सतर्कता और ग्रामीणों की तत्परता से बड़ा नुकसान टल गया। घटना सोमवार दोपहर करीब दो बजे की है, जब धूसरा गांव में पुआल से लदी एक छोटा हाथी पिकअप वैन में अचानक आग लग गई। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन चालक ने घबराने के बजाय सूझबूझ दिखाई और जलते वाहन को गांव के बीच से निकालकर मुख्य सड़क की ओर ले गया, जिससे गांव के घर और लोग सुरक्षित रहे। ग्रामीणों ने बाल्टी, ड्रम और डेगची से पानी डालकर आग बुझाने की भरसक कोशिश की, लेकिन तब तक सारा पुआल जलकर राख हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गांव में झूल रहे एलटी लाइन के तार से निकली चिंगारी ने पुआल में आग लगा दी। ग्रामीण रामचंद्र महतो ने बताया अगर चालक थोड़ी भी देर करता तो आग पूरे गांव में फैल सकती थी। बिजली विभाग को इस तरह की लापरवाही नहीं करनी चाहिए। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

पुआल से उठता धुआं • फोटोन न्यूज

विधायक सरयू व बन्ना के समर्थक आपस में भिड़े, शिकायत दर्ज

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय और पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के समर्थक सोमवार सुबह आपस में भिड़ गए। इसके खिलाफ उलीडीह के विधायक प्रतिनिधि संतोष भगत और स्वास्थ्य प्रतिनिधि नीरज सिंह ने संयुक्त रूप से थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इन्होंने जवाहरनगर, रोड नं. 15, सहारा सिटी निवासी गोपाल यादव के खिलाफ मारपीट करने, 15 हजार नकद समेत सोने के चेन की छिनतई करने की लिखित शिकायत मानगो थाना में दर्ज कराई है। दूसरी ओर गोपाल यादव ने भी सरयू राय के समर्थको के खिलाफ मानगो थाना में शिकायत दर्ज कराई। सरयू समर्थकों ने शिकायत में कहा है कि विधायक प्रतिनिधि होने के नाते नीरज सिंह, अमित शर्मा और संतोष भगत सोलर एलईडी लगवाने को लेकर क्षेत्र का निरीक्षण करने जा रहे थे, तभी गोपाल यादव ने इन्हें देखकर अपनी कार रोकी और गाली देने लगा। गोपाल यादव के साथ अन्य तीन लोग भी थे। सबने मिलकर कांग्रेस से जुड़े होने की बात कही और गाली देते हुए कार से लाठी निकालकर हमला कर दिया।

वैशाखी पूर्णिमा पर बासुकीनाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मंदिर परिसर में पहुंचे श्रद्धालु • फोटोन न्यूज

DUMKA : वैशाख शुक्लपक्ष की पूर्णिमा पर सोमवार को विश्वप्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूर्णिमा को लेकर मंदिर का पट सुबह तीन बजे कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर प्रबंधन का द्वार खोला गया। चार बजे सुबह सरकारी पूजा संपन्न हुई। उसके बाद बाबा मंदिर का द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गयो मंदिर का द्वार खुलने के साथ ही पूजा अर्चना को लेकर अहले सुबह लगभग दो बजे से कतार में खड़े श्रद्धालुओं ने गर्भगृह में प्रवेश कर जलार्पण किया। लगभग एक घंटे तक श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया और उसके बाद सरकारी पूजा संपन्न हुई। प्रत्येक पूर्णिमा की तरह आज भी बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं में से कई श्रद्धालुओं ने शिवगंगा सरोवर से मंदिर के उत्तरी गेट तक दंड दिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण बासुकीनाथ मुख्य बाजार सब्जी बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई।

खूंटी पुलिस की दिल्ली में बड़ी कार्रवाई : मानव तस्करी और यौन शोषण से जुड़े तीन गंभीर मामलों का खुलासा

मुक्त कराई गई नाबालिग, दुष्कर्म के आरोपी समेत तीन गिरफ्तार

PHOTON NEWS KHUNTI : झारखंड के खूंटी जिले में मानव तस्करी और यौन शोषण से संबंधित तीन गंभीर मामलों का खुलासा हुआ है। खूंटी की जिला पुलिस ने एसपी अमन कुमार के निर्देश पर दिल्ली में कई ठिकानों पर छापेमारी कर एक नाबालिग को मुक्त कराया है, जिसे तीन बार बेचा गया था और सामूहिक दुष्कर्म का शिकार बनाया गया। इसके साथ ही 27 साल पहले तस्करी की गई एक महिला को बरामद कर संबंधित आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।

सामूहिक दुष्कर्म व मानव तस्करी में आरोपी गिरफ्तार झ कांड संख्या 3/25 एएचटीयू थाना कांड संख्या 3/25 में दर्ज मामले के अनुसार, एक नाबालिग लड़की को अनिल शर्मा नामक व्यक्ति झांसा देकर दिल्ली ले गया था, जहां उसे इंदल पंडित नामक तस्कर को बेच दिया गया। इंदल ने नाबालिग को आगे संतोष नामक व्यक्ति को बेच दिया।

पीड़िता ने बताया कि संतोष और उसके अन्य साथियों ने उसके साथ बार-बार सामूहिक दुष्कर्म किया। एक साल तक घरेलू कार्य कराने के बावजूद उसे कोई भुगतान नहीं किया गया। किसी तरह वह खूंटी वापस पहुंची और महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी इंदल पंडित को दिल्ली से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

27 साल पुराने मानव तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार : एएचटीयू थाना कांड संख्या 2/25 में पीड़िता के भाई की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी। उसमें आरोप था कि 27 साल पहले रनिया थाना क्षेत्र निवासी मंगल डहगा नामक तस्कर ने उसकी बहन को दिल्ली में बेच दिया था।

दो महीने पूर्व पुलिस ने महिला को दिल्ली से बरामद किया और अब आरोपी मंगल डहगा को दिल्ली के बुधनगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई से दशकों पुरानी पीड़ा का अंत हुआ।

पुलिस टीम ने दिल्ली में कई ठिकानों पर छापेमारी कर तीनों मामलों में सफलता पाई। पोक्सो एक्ट के तहत नामजद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा और मुक्त कराई गई नाबालिग को फिलहाल शेल्टर होम में रखा गया है।

डीएसपी ने की पुष्टि, शेल्टर होम में रखी गई नाबालिग

मुख्यालय डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर ने बताया कि खूंटी एसपी को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर महिला थाना प्रभारी सह एएचटीयू प्रभारी फुलमनी टोप्पो के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम में पुलिस अवर निरीक्षक आरती कुमारी और सहायक अवर निरीक्षक रमजानुल हक सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

वायरल वीडियो से हुआ खुलासा, दूसरी नाबालिग को गुड़गांव से छुड़ाया गया

एएचटीयू थाना कांड संख्या 1/25 में कर्रा निवासी एक महिला तस्कर ने एक नाबालिग लड़की को दिल्ली में बेच दिया था। यह मामला तब सामने आया, जब पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। खूंटी पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच प्रारंभ की। पहले प्रयास में सफलता नहीं मिली, लेकिन बाद में तस्कर के आत्मसमर्पण के बाद पुलिस ने गुड़गांव थाना क्षेत्र से पीड़िता को बरामद कर लिया। यह घटना मानव तस्करी के लगातार बढ़ते खतरे को उजागर करती है।

बर्मामाइंस क्वार्टर हादसे के मृतक परिवार से मिले कांग्रेस नेता

JAMSHEDPUR : बर्मामाइंस के क्वार्टर हादसे में मृत युवक मो. मुन्ना के परिवार से सोमवार को कांग्रेस नेता मिले। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बाद में बताया कि बर्मामाइंस में टाटा स्टील कंपनी द्वारा क्वार्टरों को खाली करा दिया गया है। इसी क्रम में दीवार गिरने से मो. मुन्ना की मृत्यु हो गई। इस मामले में प्रतिनिधिमंडल ने बर्मामाइंस थाना प्रभारी से मिल कर घटना की जानकारी दी। दौरे के क्रम में यह भी ज्ञात हुआ कि इससे पूर्व भी कई बड़ी और गंभीर दुर्घटना हो चुकी है, जिस पर टाटा स्टील या जुस्को प्रबंधन ने सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं कराया। इसके फलस्वरूप इतनी बड़ी घटना घट गई। कंपनी द्वारा न क्वार्टर को घेरा गया, ना बिजली काटी गई, क्वार्टर की सुरक्षा के लिए सिक्युरिटी गार्ड भी नहीं रखा गया। इस पूरे घटनाक्रम में यदि मृतक परिवार एवं घायल लोगों को उचित सहयोग नहीं दिया जाता है, तो जिला कांग्रेस टाटा स्टील के उच्च पदाधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराएगी।

Daily THE PHOTON NEWS सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Tuesday, 13 May 2025

BRIEF NEWS

विहिप के केंद्रीय महामंत्री आज पहुंचेंगे रांची, कई बैठकों में होंगे शामिल

RANCHI : विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा अपने दो दिवसीय झारखंड प्रवास पर 13 मई को रांची पहुंच रहे हैं। इन दो दिनों के दौरान वो विहिप कार्यकताओं तथा सामाजिक और धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया वीएचपी महामंत्री 13 मई को 10:00 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित होटल ग्रीन एकर्स में अधिवक्ताओं के साथ बैठक करेंगे। दोपहर 2:00 बजे हटिया में समरसता संगोष्ठी में शामिल होंगे, जबकि शाम 6:00 बजे मोराबादी में व्यावसायिक वर्ग के साथ बैठक करेंगे। वहीं 14 मई को वो प्रांत टोली बैठक, पत्रकार वार्ता और हरमू में मंदिरों के पुजारी एवं पुरोहितों के साथ बैठक करेंगे।

भीषण गर्मी में बारिश होने से मिल रही राहत

RANCHI : झारखंड में भीषण गर्मी के दौरान बीच-बीच में हो रही बारिश से लोगों को काफी राहत मिल रही है। राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में बीच-बीच में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने 15 से 17 मई तक कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की सम्भावना व्यक्त की है। विभाग ने जिन जिलों के लिए बारिश की संभावना व्यक्त की उनमे 15 मई को राज्य के पश्चिमी जिलों को छोड़कर शेष अन्य जिले शामिल हैं। वहीं 16 मई को राज्य के कुछ इलाकों में भी गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की सम्भावना है। इसके साथ- साथ राज्य के विभिन्न इलाकों में भीषण गर्मी को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। इनमें 13 और 14 मई को राज्य पूर्वी जिले और 15 मई को राज्य के पश्चिमी जिलों को छोड़कर शेष भागों में लू चलने, 40-50 किमी की गति से तेज हवा और आकाशीय बिजली गिरने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

बिरसा मुंडा ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में नर्स डे पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम

RANCHI : बिरसा मुंडा ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, हटिया में इंटरनेशनल नर्स डे के अवसर पर नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एएनएम और जीएनएम स्टूडेंट्स द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। समापन समारोह के दौरान बीएससी नर्सिंग की छात्रा कुमारी मंजू ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर प्रकाश डाला और नर्सिंग सेवा की महत्ता को रेखांकित किया। इसके बाद सभी नर्सिंग छात्रों को सेवा, समर्पण और करुणा की शपथ दिलाई गई।

मिडिल क्लास व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को होगा लाभ

सदर हॉस्पिटल में शुरू होगा आईवीएफ सस्ती दर पर मिलेगी इलाज की सुविधा

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी स्थित सदर हॉस्पिटल रांची आए दिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। एक के बाद एक नई सुविधाएं मरीजों को दी जा रही है। अब एक नई सुविधा हॉस्पिटल में शुरू करने की तैयारी है। राज्य का यह पहला सरकारी हॉस्पिटल बनने जा रहा है, जहां आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) जैसी उन्नत चिकित्सा सुविधा की शुरूआत करने की तैयारी है। इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही ये सुविधा सदर में मिलने लगेगी। इससे उन कपल्स को बड़ी राहत मिलेगी, जो लंबे समय से संतान प्राप्ति की इच्छा रखते हैं, लेकिन आर्थिक कारणों से प्राइवेट क्लिनिकों की महंगी सेवाएं नहीं ले पा रहे थे। सदर हॉस्पिटल में आईवीएफ की सुविधा मिलने से लोगों को बेहद कम दरों पर यह उपचार उपलब्ध होगा। जहां निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में एक आईवीएफ प्रक्रिया का खर्च लगभग 5 लाख से 10 लाख रुपये तक होता है, वहीं सरकारी स्तर पर यह सुविधा काफी सस्ती दरों पर दी जाएगी। इससे मध्यमवर्गीय और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हजारों परिवारों को लाभ मिलेगा।

हॉस्पिटल के ओपीडी में इलाज कराने के लिए रोजाना आते हैं लगभग 1500 मरीज

- प्राइवेट में आईवीएफ कराने पर खर्च हो जाते हैं 5 से 10 लाख रुपये
- आईवीएफ फैसिलिटी शुरू करने वाला राज्य का पहला सरकारी हॉस्पिटल
- इस अस्पताल में सबसे ज्यादा आते हैं मैटरनिटी के केस

तैयार की जाएगी विशेषज्ञों की टीम



सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि आईवीएफ यूनिट की स्थापना के लिए अत्याधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे और प्रशिक्षित डॉक्टरों और तकनीशियनों की टीम तैयार की जाएगी। प्रक्रिया पूरी होते ही यूनिट को आम मरीजों के लिए शुरू कर दिया जाएगा। इस सुविधा से न केवल राजधानी के मरीजों को लाभ मिलेगा, बल्कि दूर-दराज के जिलों से आने वाले दंपती भी इससे लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि यह कदम राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे सरकारी अस्पतालों में भरोसा बढ़ेगा और महंगे इलाज की दौड़ से आम लोगों को राहत मिलेगी।

मैटरनिटी वार्ड है अस्पताल का आधार

यह कदम न सिर्फ राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती देगा, बल्कि उन महिलाओं और दंपतियों के लिए भी आशा की किरण साबित होगा, जो वर्षों से इलाज की आस में भटक रहे थे। जानकारी के अनुसार, सदर हॉस्पिटल में पहले से ही मैटरनिटी से जुड़े मामलों की संख्या सबसे अधिक है।

हॉस्पिटल की ओपीडी में हर दिन लगभग 1500 मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की होती है। ऐसे में यहां आईवीएफ सुविधा की शुरूआत को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने इसे एक अहम और जरूरी फैसला बताया है।

मुख्यमंत्री बताएं राज्य में डीआईजी बड़ा या डीएसपी : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष-सह-नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था और पुलिस प्रशासन में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री से सीधा सवाल किया है कि आखिर झारखंड में डीआईजी बड़ा होता है या डीएसपी। बाबूलाल मरांडी ने धनबाद क्षेत्र में पुलिसकर्मियों के तबादले को लेकर उठे विवाद का हवाला देते हुए कहा कि डीआईजी की प्रशासनिक अनुशंसा पर जिन पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया था, वह किसी डीएसपी की रिपोर्ट के आधार पर रोक दिया गया। इस पर पुलिस एसोसिएशन ने भी सवाल उठाए हैं और जांच की मांग की है।

ट्रांसफर-पोस्टिंग का चल रहा खेल : बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि राज्य में ट्रांसफर-पोस्टिंग का पूरा खेल चल रहा है और कुछ एनजीओ से जुड़े लोग पुलिस मुख्यालय में दुकान खोलकर बैठे हैं, जहां नियम-कानून को ताक पर रखकर निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब राज्य में कोई स्थाई डीजीपी ही नहीं है, तो कानून-व्यवस्था की ऐसी स्थिति स्वाभाविक है। उन्होंने दावा किया कि फिलहाल जो अधिकारी डीजीपी का कार्य देख रहे हैं, वे न तो विधिवत रूप से नियुक्त हैं और न ही वेतन ले रहे हैं।

हालात के लिए राज्य के सीएम जिम्मेदार

बाबूलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन हालात के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं और उन्हें इन सवालों का तत्काल जवाब देना चाहिए। उन्होंने प्रशासनिक अराजकता पर चिंता जताते हुए सरकार से पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की।

अनाथ हुए बच्चों की खबर पर झालसा ने लिया संज्ञान

PHOTON NEWS RANCHI : मीडिया में छपी खबर माता-पिता के आकस्मिक निधन होने से बच्चों के अनाथ हो जाने पर झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद ने सोमवार को संज्ञान लिया है। झालसा अध?यक्ष ने झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आदेश दिया है कि वह तत्काल टीम गठित कर बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में पहुंचकर इन बच्चों को विधिक सहायता दे। निर्देश का पालन करते हुए न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में डालसा के सचिव (ईंचार्ज) अभिषेक श्रीवास्तव, पीएलवी, सतीश कुमार, सधनी कुमारी, दिनेश कुमार प्रमाणिक सहित अन्य की टीम गठित कर बच्चों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

सरकारी योजनाओं की दी जानकारी : टीम ने पीड़ित परिवार से मिलकर पीड़ित परिवार को कई सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। डालसा टीम ने एक कमजोर परिवार की पहचान की गई। इसमें एक बुजुर्ग महिला और तीन अनाथ बेटियां हैं। चारों खराब आवासीय परिस्थितियों में रह रहे हैं और बुनियादी कल्याण अधिकारों तक पहुंच से वंचित हैं।

तत्काल कानूनी सहायता शुरू की गई और पेंशन योजनाओं, आवास, राशन और शिक्षा लाभों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जा रही है। टीम ने बाल कल्याण विभाग से संपर्क किया और उन्होंने तीनों लड़कियों को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रवेश दिलाने का आश्वासन दिया है। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी से भी डीएलएसए ने संपर्क किया और सहयोग का आश्वासन दिया। इसके अलावा, पीएलवी को कमजोर लड़कियों और उनके रिश्तेदारों को डीएलएसए कार्यालय में लाने का निर्देश दिया गया है। तीनों लड़कियों के पुनर्वास, संरक्षण और देखभाल के लिए बेहतर समन्वय के लिए संबंधित विभाग को सूचित कर दिया गया है। स्थानीय पीएलवी और ग्रामीणों ने हस्ताक्षरित आवेदन प्रस्तुत किया।

इरफान अंसारी ने सीपी सिंह को चेताया, कहा- आप सुधर जाइए, आपके हित के लिए होगा

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रांची के विधायक सीपी सिंह को चेताया है कि आप सुधर जाइए। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि गरीब एवं लाचारों के साथ गलत करके खुद के लिए बेहतर जिंदगी की उम्मीद करने वाला इंसान कभी किसी का सगा नहीं हो सकता। जहर उगलने वाले नेता याद रखें -देशद्रोह की असली जड़ आपकी सोच है! सीपी सिंह से कहा है कि मैं बार-बार आपको नसीहत दे रहा हूं कि आप सुधर जाइए। यह आपके लिए हित में होगा। जहर उगलना बंद कीजिए। डॉ इरफान ने कहा है कि सीपी सिंह जैसे नेताओं की जहरीली जुबान ही इस देश में नफरत की असली जड़ है। एक बच्चे की सोशल मीडिया पर की गई गलती को आप आइएसआइएस से जोड़ रहे हैं- ये सिर्फ ओछी राजनीति है और आपकी मानसिक दिवालियापन का प्रमाण भी। अगर आपके पास सबूत है तो कानून को सौंपिए, लेकिन धर्म-विशेष, मौलवियों और मदरसों को बदनाम करने का ठेका आपको किसने दिया है।

नफरत फैलाना बंद करिए

आपको सोचना चाहिए कि उस मासूम बच्चे की मां पर क्या बीत रही होगी? एक मां की बेबसी, उसका रोता हुआ चेहरा और उसकी हाय आपको जरूर लगेगी। देश को आप जैसे नफरत के सौदागरों से ही सबसे बड़ा खतरा है। कानून पर भरोसा रखिए, नफरत फैलाना बंद करिए।

अज्ञात वाहन की चपेट में आकर 13 बकरियों की मौत, ग्रामीणों में रोष

PHOTON NEWS RANCHI : बेड़ो में तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक बार फिर मासूम जानवरों की जान ले ली। सोमवार सुबह रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर स्थित बेड़ो प्रखंड के जरिया गांव में हादसे में 13 बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे से क्षुब्ध ग्रामीणों ने सड़क जाम कर घंटों विरोध प्रदर्शन किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जरिया गांव निवासी किसान सोनू लोहरा रोजाना की तरह अपनी बकरियों के झुंड को सड़क पार करा रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 9:30 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात चारपहिया वाहन ने बकरियों को कुचल दिया और घटनास्थल से फरार हो गया। मृत बकरियों में कई दूध देने वाली थीं, जिनके छोटे बच्चे अब बेसहारा हो गए हैं। भावुक किसान सोनू लोहरा ने कहा, इन बकरियों से ही घर चलता था। बच्चों की पढ़ाई, शादी और रोजमर्रा की जरूरतें इन्हीं से पूरी होती थीं। अब सब कुछ उजड़ गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रांची-गुमला मार्ग को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगी आरकेडी रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी पर घटिया निर्माण और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

जामटोली के अनाथ बच्चों के आंसू पोंछने पहुंचीं कृषि मंत्री, मदद का दिया भरोसा

PHOTON NEWS RANCHI : बेड़ो प्रखंड के जामटोली गांव में परिवारिक त्रासदी से गुजर रहे चार अनाथ बच्चों को सरकार और समाज का सहारा मिला है। झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सोमवार को खुद जामटोली पहुंचीं और इन मासूम बच्चों का दुख साझा किया। गौरतलब है कि इन बच्चों की मां पंची उरांव का निधन 8 मई को लंबी बीमारी के बाद हो गया था। अगले ही दिन 9 मई को पिता गणेश उरांव की भी मृत्यु हो गई। महज दो दिनों में माता-पिता दोनों को खो देने वाले इन चार बच्चों के सिर से साया उठ गया। इस हृदयविदारक घटना के बाद मंत्री ने त्वरित संज्ञान लिया और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर पीड़ित बच्चों से मुलाकात की।

बच्चों को नहीं होगी परेशानी मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आश्वासन दिया कि बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि घर की दो बड़ी बेटियों का नामांकन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कराया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं तीन बच्चों को झारखंड बाल संरक्षण आयोग के माध्यम से प्रति माह चार हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

कुरैश चिक पंचायत चर्च रोड ने नवनियुक्त तीन शहर काजियों को किया सम्मानित

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड कुरैश चिक पंचायत चर्च रोड द्वारा नवनियुक्त तीन शहर काजी कारी अंसारुल्लाह का समी, हाफिज अबुल कलाम, नसरुउद्दीन फैजी को कुर्बान चौक, हिंदपीढ़ी मे टोपी, साफा, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बोलते हुए आयोजनकर्ता मोहम्मद जावेद अली उर्फ बंटी ने कहा झारखंड सरकार कल्याण मंत्रालय द्वारा कारी अंसारउल्लाह, हाफिज अबुल कलाम, नसरुउद्दीन फैजी को शहर काजी बनाने पर राज्य सरकार को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कारी अंसारउल्लाह, हाफिज अब्दुल कलाम नसरुद्दीन फैजी समाज के लिए लगातार अब और ज्यादा काम करें ऐसी हमारी उम्मीद है। मुस्लिम वर्ग के बीच शादी-विवाह कराना एवं प्रमाण पत्र देना इनका काम होगा। मौके पर मोहम्मद जावेद अली उर्फ बंटी ने घोषणा की की वह वार्ड 23 से पार्षद का उम्मीदवार होंगे। उन्होंने वार्ड 23 की सभी जनता से वोट देने की अपील की। मौके पर बोलते हुए शहर काजी नसरुद्दीन फैजी ने कहा, हमें खुशी हो रही है कि कुरैश चिक पंचायत ने यह सामान समारोह आयोजित किया है।

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर सदर अस्पताल में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन, सीएस बोले-

कहीं भी नर्स के बिना नहीं चल सकता कोई अस्पताल

PHOTON NEWS RANCHI : अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर रांची के सदर अस्पताल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग पेशेवरों की निष्ठा, सेवा और समर्पण को सम्मानित किया गया। सीएस व अन्य पदाधिकारियों नर्स व स्टाफ को शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। यह आयोजन नर्सों के अद्वितीय योगदान को मान्यता देने और स्वास्थ्य सेवा में उनकी भूमिका को उजागर करने हेतु आयोजित किया गया था। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि कोई भी अस्पताल बिना नर्स के नहीं चल सकता। नर्स किसी भी अस्पताल की रीढ़ होती है। भले ही डॉक्टर मरीजों का इलाज करते है। लेकिन नर्स मरीजों के साथ ज्यादा समय व्यतित करती है। दवा देने से लेकर उनका हालचाल भी जानती है। मौके पर डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ. बिमलेश सिंह, डॉ.आरके सिंह, डॉ.स्टीफन खेस, सोशल एक्टिविस्ट ज्योति शर्मा के अलावा कई अन्य मौजूद थे।

इमरजेंसी में नर्सों का रोल अहम सीएस ने कहा कि नर्स आपात स्थिति में अहम रोल निभाती है। फ्लोरेंस नाइटिंगल की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने घायल सैनिकों की सेवा के लिए पूरा जीवन लगा दिया। मरीजों की सेवा भी की। कैंडल जलाकर घायलों का इलाज किया। ऐसा ही हमारे सदर अस्पताल की नर्स भी कर रही है। यहीं वजह है कि सदर हॉस्पिटल को कई अवार्ड मिल रहे है। हमें इसे जारी रखना है और आगे भी ऐसे अवार्ड हम लेते रहेंगे। इसमें सभी का प्रयास जरूरी है।

सदर अस्पताल में सम्मान समारोह के दौरान नर्स व डॉक्टर • फोटोन न्यूज

रिम्स में मनाया गया नर्स दिवस

RANCHI : सोमवार को रिम्स के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम था केयरिंग आफ नर्सेज-स्ट्रेंथेन इकोनॉमिज। मुख्य अतिथि रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार थे। कार्यक्रम की शुरूआत नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल को समर्पित श्रद्धांजलि के साथ हुई। इस अवसर पर फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड से सम्मानित असिशन कुल्लू, सहायक प्रोफेसर ममता टोप्पो और अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। असिशन कुल्लू को उनके उत्कृष्ट नर्सिंग सेवा कार्य के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सेव वन लाइफ, यू आर ए हीरो, सेव हंड्रेड्स ऑफ लाइफ्स यू आर ए नर्स। ममता टोप्पो ने थीम पर आधारित इंटरैक्टिव सत्र का संचालन किया। सभी ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान को स्मरण करते हुए नर्सों के प्रति आभार व्यक्त किया।

बुद्ध पूर्णिमा पर पुंदाग के राधा-कृष्ण मंदिर में की गई विशेष पूजा-अर्चना

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम, श्री राधा-कृष्ण मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भव्य श्रृंगार, विशेष पूजा-अर्चना, प्रसाद भोग, भजन-कीर्तन और सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया। पूजारी अरविंद पांडे द्वारा प्रभु को फल, मेवा, चूरमा और पेड़ा का विधिवत भोग अर्पित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती संपन्न हुई। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। भजन-कीर्तन का कार्यक्रम लगभग दो घंटे तक चला। जिसमें ट्रस्ट की महिला सदस्यों और भक्तों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर मंदिर परिसर कृष्णमय हो उठा। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा, जिसे वैशाख पूर्णिमा भी कहा जाता है। हिंदू और बौद्ध धर्म दोनों में अत्यंत पावन मानी जाती है। यह दिन सत्य, अहिंसा, संयम और सेवा का संदेश देता है। मौके पर अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी, सदस्यगण और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

ख्याति द बुटीक ने मनाई 11वीं वर्षगांठ

RANCHI : प्रसिद्ध फैशन बुटीक 'ख्याति द बुटीक' ने अपनी 11वीं वर्षगांठ मनाई। बुटीक की संस्थापक सह फैशन डिजाइनर डॉ ख्याति मुंजाल ने इस दौरान केक काटा। मौके पर राजमाता मधुरी मंजरी देवी, पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और मिस यूनिवर्स झारखंड रही रिया तिर्की भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में 'फैशन फॉर ए कॉज 2' सोशल प्रोजेक्ट के पोस्टर का अनावरण किया गया। यह चैरिटेबल चार्म्स संस्था की ओर से संचालित होगा। रूपम झा समेत संस्था की प्रमुख सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी खास बना दिया।

अलग-अलग स्थानों पर तीन की हत्या

धू-धूकर जलती हाट-बाजार की दुकानें • फोटोन न्यूज

चक्रधरपुर में युवक को गला रेतकर मार डाला

CHAKRADHARPUR : पश्चिम सिंहभूम जिले के खूंटपानी प्रखंड अंतर्गत बासाहातु गांव के युवक मुंडा मंजीत हाईबुरू की रविवार रात धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने बासा गम्हारिया के पास सड़क किनारे उसका शव देखा और तुरंत पान्ड्राशाली ओपी को सूचना दी। सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी मृणाल कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाए और जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार मंजीत रविवार शाम दोपाई बाजार की ओर गया था, लेकिन रातभर वापस नहीं लौटा। सुबह उसका शव मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई और लोग भयभीत हैं।

मृतक की फाइल फोटो

घटना से बासाहातु और आसपास के इलाकों में शोक की लहर दौड़ गई है। मानकी मुंडा संघ ने इस निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। ओपी प्रभारी मृणाल कुमार ने बताया कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।

अस्पताल में रखा महिला का शव • फोटोन न्यूज

सरायकेला में महिला की पत्थर से कूचकर मारा

SERAIKELA : सरायकेला थाना से महज दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित रेलवे बुकिंग काउंटर के समीप रविवार की रात एक महिला की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गई। मृतका पति के साथ घूम-घूम की कूड़ा चुनने का कार्य करती थी। सोमवार की सुबह स्थानीय लोगों ने महिला का रक्तरंजित शव देखा और तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के करीब तीन घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया।

पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

घटनास्थल से खून से सना हुआ एक पत्थर बरामद किया गया है। संभवत: इसी पत्थर से हत्या की गई होगी। साथ ही मौके पर शराब की बोतलें भी पाई गई हैं। इससे संदेह गहराता है कि वारदात के समय वहां शराब का सेवन किया गया था। स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि सरायकेला थाना पुलिस सिर्फ औपचारिक गश्ती करती है, जबकि थाना से महज कुछ दूरी पर इस तरह की नृशंस हत्या होना गंभीर लापरवाही का संकेत है। वहीं, घटना के बाद से महिला का पति लापता है। इससे पुलिस ने हत्या में पति की संलिप्तता की आशंका व्यक्त की है। फिलहाल घटना में पुलिस विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है और महिला के पति की तलाश में जुट गई है।

चाईबासा : आपसी विवाद में युवक की ले ली जान

CHAIBASA : पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) जिला स्थित जलधार ग्राम में रविवार रात एक आपसी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार, जेनाराम पूर्ति नामक युवक की हत्या उसी के साथी चक्र सिंह पूर्ति ने धारदार हथियार से कर दी। घटना रविवार की रात लगभग 2:30 बजे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक किसी निजी कार्यक्रम के दौरान एक साथ खाना-पीना कर रहे थे। इस दौरान नशे की हालत में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि चक्र सिंह पूर्ति ने गुस्से में आकर धारदार हथियार से जेनाराम पूर्ति पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपित चक्र सिंह पूर्ति खुद मंझरी थाना पहुंचा और

मृतक की फाइल फोटो

हत्या की बात स्वीकार करते हुए आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर मृतक का शव घटनास्थल से बरामद किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित से पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

हाट में लगी आग, कई दुकानें जलकर खाक

SERAIKELA : नगर क्षेत्र के साप्ताहिक हाट में रविवार की रात अचानक भीषण आग लगने से कई दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग लगने से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे। इस दौरान आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए। लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि एक घंटे के भीतर सभी झोपड़ीनुमा दुकानें जलकर राख हो गईं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि यह आगजनी शरारती तत्वों ने जानबूझकर की गई है। लोगों का कहना है कि हाट परिसर में शाम के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। इससे आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। इस घटना ने कई गरीब दुकानदारों की रोजी-रोटी पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। वहीं पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए नगर अगलगी से प्रभावित गरीब दुकानदारों को मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही उन्होंने प्रशासन से शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने और हाट क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

समाचार सार

सदर अस्पताल की नर्सों में बांटी छतरी

CHAIBASA : मारवाड़ी युवा मंच, चाईबासा शाखा एवं जागृति संस्था ने सोमवार को सदर अस्पताल की नर्सों में छतरी बांटी। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर सोमवार को सुबह 11 बजे हुए कार्यक्रम में संस्था की ओर से आदित्य राज अग्रवाल, श्वेता जालान, अंकिता लोधा, आशीष चौधरी, चंदा अग्रवाल, पीयूष गोयल, बसंत खंडेलवाल, प्रियांशु केडिया, ईशान चौबे आदि उपस्थित थे।

समर कैंप में बच्चों ने खूब की मस्ती

GHATSILA : गर्मी की छुट्टी होते ही गोपालपुर स्थित किडजी प्री-स्कूल में बच्चों के लिए 6 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। सोमवार से शुरू हुए कैंप में 3 से 10 वर्ष तक के 90 बच्चे शामिल हैं। पहले दिन ही बच्चों ने खूब मस्ती की। योग के बाद आर्ट एंड क्राफ्ट सिखाया गया, तो बच्चों ने वाटर प्ले का आनंद भी उठाया। स्कूल की शिक्षिका संपा नायक ने बच्चों को योग, शिक्षिका अनु जायसी ने जुंबा डांस और शिक्षक सजल सीट ने फोक आर्ट एंड क्राफ्ट सिखाया।

जयंती पर याद किए गए पं. रघुनाथ मुर्मू

GHATSILA : परम्परागत स्वशासन व्यवस्था पूर्वी सिंहभूम माझी पारगाना महाल के घाटशिला प्रखंड अध्यक्ष सह देश विचार सचिव बहादुर सोरेन के नेतृत्व में सोमवार को ओत गुरु पं. रघुनाथ मुर्मू की 120वीं जयंती मनाई गई। इसके साथ ही ओलचिकि लिपि की 100वीं वर्षगांठ मनी। किताडीह के माझी आखड़ा में हुए कार्यक्रम में माझी बाबा, परानिक, नायके, गोड़ेत, जग माझी, कुड़ाम नायके एवं गांव की महिलाएं भी शामिल थीं। बहादुर सोरेन ने कहा कि पं. रघुनाथ मुर्मू केवल ओलचिकि लिपि के जनक ही नहीं, आदिवासियों के समाज सुधारक व मार्गदर्शक भी थे।

धूमधाम से प्रारंभ हुई मां गंधेश्वरी की पूजा

GHATSILA : घाटशिला के नुवाग्राम में तीन दिवसीय गंधेश्वरी पूजा की शुरूआत सोमवार को मां की प्रतिमा स्थापना के साथ हुई। पूजा पंडाल का उद्घाटन रविवार रात गंधवनिक समाज के जिलाध्यक्ष सह पूजा समिति के मुख्य संरक्षक पिंटू दत्ता ने किया था। सोमवार को पुजारी व समिति के सदस्यों ने स्वर्णरेखा नदी से कलश में जल भरकर लाया और पंडाल में कलश स्थापना के बाद पुजारी मिंटू भट्टाचार्य ने पूजा प्रारंभ कराई। प्रथम दिन उपवास रखे श्रद्धालुओं ने मां को पुष्पांजलि अर्पित की। दोपहर में प्रसाद वितरण हुआ। पूजा का समापन 14 मई को विसर्जन के साथ होगा। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक रूपाली घर, सत्य रंजन दत्ता, अध्यक्ष सत्यजीत कुंडू, उपाध्यक्ष संजीत कुंडू, शिवशंकर पाल, अमित दत्ता, संजीव कुमार दे सहित अन्य सदस्य सक्रिय हैं।

नाटक 'कोमल गांधार' का मंचन कल

JAMSHEDPUR : सोसाइटी फॉर प्रमोटिंग आर्ट एंड कल्चर (स्पार्क), करीम सिटी कॉलेज के तत्वावधान में 14 मई को नाटक 'कोमल गांधार' का मंचन होगा। कॉलेज के प्रेक्षागृह में दोपहर 3 बजे से होने वाले मंचन का निर्देशन शहर के रंगकर्मी और निर्देशक शिवलाल सागर करेंगे। वहीं नाटककार डॉ. शंकर शेष हैं।

टाटानगर से चलने वाली दो जोड़ी ट्रेनों के 3-3 फेरे रद्द

JAMSHEDPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल में विकास कार्यों के कारण टाटानगर से चलने वाली कई ट्रेनों को आगामी सप्ताह में रद्द किया गया है। सर्कुलर के मुताबिक ट्रेन नंबर- 68043 टाटानगर-राउरकेला मेमू 13, 15 और 17 मई को रद्द की गई है। इसी तरह से ट्रेन नंबर-68044 राउरकेला-टाटानगर मेमू 14, 16 और 18 मई को रद्द कर दी गई है। ट्रेन नंबर-68009/68010 टाटानगर-चक्रधरपुर-टाटानगर मेमू को 14,16 और 18 मई को रद्द किया गया है।

रेलवे के कैटरिंग इंस्पेक्टरों की मीटिंग 15 को

JAMSHEDPUR : दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के चार डिवीजन चक्रधरपुर, आद्रा, रांची और खड़गपुर डिविजन के सभी कैटरिंग इंस्पेक्टरों की मीटिंग 15 मई को बुलाई गई है। इसमें खानपान की गुणवत्ता, स्टॉल और बेस किचन की नियमित जांच, पिछले 6 महीने में किए गए निरीक्षण, इसकी जांच और कार्रवाई की रिपोर्ट की समीक्षा होगी। इसके साथ रेल कोच रेस्टोरेंट के संचालन और मोबाइल और स्टैटिक यूनिट में कैटरिंग सुविधा की बेहतरी पर सुझाव मांगे जाएंगे।

एमजीएम अस्पताल में इलाजरत घायल महिलाएं • फोटोन न्यूज

पोटका में वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की मौत, कई घायल

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले में पोटका प्रखंड के हाता के पास सोमवार को एक सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई, जबकि ऑटो में बैठे दर्जन भर यात्री घायल हो गए। इनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। यह दुर्घटना उस समय हुई, जब एक तेज रफ्तार वाहन ने ऑटो को सीधे टक्कर मार दी।

हादसे के बाद अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत पोटका के स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को एमजीएम अस्पताल रेफर किया गया। यहां सभी का इलाज जारी है।

इस दुर्घटना में ऑटो चालक शंभू गोप की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

यूपी के दो युवकों की कैनाल में डूबकर मौत

गोविंदपुर में एक सप्ताह पहले ही आए थे काम करने, 20 घंटे बाद निकाले गए दोनों के शव

PHOTON NEWS GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत एमजीएम थाना क्षेत्र में दलदली पंचायत के गोविंदपुर गांव में चांडिल मुख्य कैनाल में रविवार की दोपहर नहाने के दौरान यूपी के दो युवक गौरव सिंह और अभिषेक सिंह की डूबकर मौत हो गई। वहां मौजूद उसके भाई ने जाकर गांव के लोगों को इसकी सूचना दी।

सोमवार को एमजीएम थाना के एसआई अरुण कुमार सिंह दल-बल के साथ पहुंचे। इधर सोमवार को भी ग्रामीणों की भीड़ जुट गई थी। दलदली पंचायत की मुखिया सुजाता हांसदा और उपमुखिया सुमित्रा कर्मकार भी घटनास्थल पहुंचीं। शव निकालने को लेकर कोई ग्रामीण राजी नहीं हुआ। उसके बाद बाहर से लोगों को बुलाकर शव को रस्सी के सहारे कैनाल से निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटनास्थल के पास जुटी लोगों की भीड़ व इनसेट में मृतकों की फाइल फोटो

मना करने के बाद भी चले गए थे नहाने : गुड्डू

मृतक अभिषेक सिंह के भाई गुड्डू सिंह ने कहा कि भाई अभिषेक और रिश्तेदार गौरव मना करने के बाद भी वह कैनाल में नहाने चले गए। मैं भी उसके पीछे कैनाल पहुंच गया। देखा कि दोनों डूबने लगे। दोनों को तैरना नहीं आता था। मुझे भी तैरना नहीं आता है। हम लोगों ने इसकी सूचना बगल के गांव के लोगों को दी, तब तक दोनों की डूबने से मौत हो गई थी।

-दलदली पंचायत के गोविंदपुर में बरेली (उत्तर प्रदेश) के ठेकेदार अशोक ने गौरव सिंह (20 वर्ष), अभिषेक सिंह (21 वर्ष), गुड्डू सिंह (21 वर्ष) और देव (20 वर्ष) को यहां बुलाया था। इनका घर यूपी के कासगंज, थाना कोतवाली सोरो सुगर क्षेत्र, मोहल्ला चंदन चौक में है। वह सभी चारों को छोड़ कर काम करने गोबिंदपुर गया था। चारों युवक बांस का घर बनाने आए थे। इससे पहले मार्च में भी इन युवकों ने एक महीना रह कर काम किया था।

आरआर कम्युनिकेशन का हो रहा था काम

जमशेदपुर के रवि राजा ने बताया कि दलदली पंचायत में गोबिंदपुर के पास आरआर कम्युनिकेशन का काम हो रहा था। इसका पार्टनर मैं और आराध्या श्रीवास्तव हैं। राजा ने कहा कि यहां बकरी हाउस बन रहा है। सरकारी योजना के तहत सब्सिडी लेकर बकरी पालने की योजना है। यूपी के बरेली के ठेकेदार अशोक चारों युवकों को लाया था। चारों युवक यहीं रहकर काम कर रहे थे। राजा ने कहा कि डूबने से मौत की घटना की सूचना मैंने एमजीएम थाना को रविवार को दोपहर 3 बजे ही दे दी थी।

स्कूल की वार्षिक बैठक में सबने रखे विचार

CHAIBASA : कोल्हान एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसायटी द्वारा संचालित कोल्हान मॉडल पब्लिक स्कूल बासाकुटी का तृतीय वार्षिक आम बैठक सह पारिवारिक मिलन समारोह सोमवार को हुआ। इसमें स्कूल के सर्वांगीण विकास व बच्चों के भविष्य पर सबने विचार रखे। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने पालतू पशुओं से संबंधित लघु नाटक और हो लोक नृत्य प्रस्तुत किया। कमांडेंट आनंद जेराई, मुंडा मांगु सुंडी व घासीराम पिंगुवा ने विद्यालय विकास के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की।

बैठक में अध्यक्ष चंद्रमोहन बिरुवा, उपाध्यक्ष रांधो देवगम, सचिव दुंबी दिग्गी, कोषाध्यक्ष परमेश्वर पुरती, प्रधानाध्यापक राजेंद्र बोदरा, कुचाई बीडीओ साधुचरण देवगम, पूर्वी सिंहभूम के जिला कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य सामद, अपर उपायुक्त विजय बिरुवा, रोशन पाट पिंगुवा, निबंधन पदाधिकारी घासीराम पिंगुवा, कैलाश सवैयां आदि भी उपस्थित थे।

साकची के होटल में लटकी मिली युवती की लाश

हिरासत में लिए गए होटल मालिक समेत पांच लोग, कमरे में मिले आपत्तिजनक सामान

PHOTON NEWS JSR : साकची थाना क्षेत्र अंतर्गत आमबगान मैदान के पास स्थित सना कॉम्प्लेक्स में चल रहे होटल अल-डोराडो के कमरे में सोमवार की सुबह एक युवती की लाश मिली। कमरा नंबर-506 में युवती का शव फंदे पर लटका हुआ बरामद किया गया। मृतका मानगो के आजादबस्ती की रहने वाली थी। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की रात दो युवक और दो युवती होटल पहुंचे थे। उन्होंने कमरा नंबर 504 और 506 बुक कराया था। युवकों की पहचान ऋतुराज कुमार सिंह और पंकज कुमार के रूप में हुई है, जो साकची स्थित राजेंद्रनगर के निवासी हैं। वहीं, एक युवती मानगो के ओल्ड पुरुलिया रोड की रहने वाली है। पुलिस उसे भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, कमरे से शराब की कई बोतलों के साथ आपत्तिजनक वस्तुएं भी बरामद की गई हैं। सोमवार सुबह जब स्टाफ ने दरवाजा बंद देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची साकची थाना की पुलिस ने दरवाजा खोलकर देखा तो युवती का शव पंखे से लटकता मिला।

आरोपियों को ले जाती पुलिस • फोटोन न्यूज

पुलिस ने मौके से ऋतुराज, पंकज, दीपा दीप, होटल मालिक और मैनेजर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इसके साथ ही होटल के सभी कागजात जब्त कर लिए गए हैं। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। ओल्ड पुरुलिया रोड वाली युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी आजाद बस्ती वाली युवती से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी और उसी ने उसे होटल बुलाया था। दीपा के अनुसार जब वह होटल पहुंची तो बाकी लोग पहले से नशे में थे। हालांकि पूछताछ के दौरान वह इस बारे में स्पष्ट जवाब देने से बचती रही। इस मामले में युवती की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। दोनों युवक भी इस घटना के मास्टरमाइंड हो सकते हैं। पुलिस दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि जिस युवती की लाश लटकती मिली उसकी मौत कैसे हुई। सिटी डीएसपी सुनील चौधरी ने कहा कि फिलहाल पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। होटल की कार्यप्रणाली और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है, जल्द ही सच्चाई सामने आएगी।

ससुराल में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुमारडुंगी थाना अंतर्गत टियापोसी गांव में बागुन सवैयां की फंदे पर लटकी लाश मिली है। जानकारी के अनुसार, तांतनगर के चिटीमिटी गांव निवासी बागुन सवैयां बुधवार को पत्नी के साथ अपने ससुराल टियापोसी गया था। वहां किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। परिजनों ने बताया कि इसके बाद देर रात को बागुन सवैयां ने अपने ससुराल में ही फांसी लगा ली। सोमवार को परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस के पूछताछ में परिजनों ने बताया कि बागुन सवैयां की कुछ दिनों से दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वह हमेशा पत्नी के साथ झगड़ा करता था। रविवार को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चाईबासा भेज दिया।

2912 लाभुकों की पहचान, सभी प्रखंडों को तीन दिनों में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश

'मंईयां योजना' के फर्जी लाभुकों की जांच का आदेश

PHOTON NEWS JSR : उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जिले में संचालित 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के अंतर्गत लाभुकों की सूची में अनियमितता की संभावनाओं को गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश जारी किया है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि कई लाभुकों के नाम एक ही बैंक खाता संख्या से जुड़े हुए हैं, जो योजना के दिशा-निर्देशों के विरुद्ध है। इस संदर्भ में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र की लाभुक सूची की गहन जांच करें और तीन कार्यदिवसों के भीतर जांच रिपोर्ट जिला कार्यालय को समर्पित करें। गौरतलब है कि 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत ऐसे 2912 बैंक खाता से दो या दो से अधिक नामों के लाभुकों ने योजना का लाभ उठाया है। इस सूची में चाकुलिया अंचल से 10, धालभूमगढ़ से 81, मुसाबनी 97, बहरागोड़ा 99, डुमरिया 111, पटमदा 113, गुड़ाबांदा 122, चाकुलिया 164, बोड़ाम 191, घाटशिला 271, मानगो अंचल 300, गोलमुरी सह जुगसलाई 388, जमशेदपुर अंचल 390, पोटका 573 शामिल हैं।

उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया है कि इस प्रकार की अनियमितताओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित प्रखंडों में दोषी पाए गए लाभुकों के नाम सूची से हटाए जाएंगे। इसके साथ ही उनसे राशि भी वसूल की जाएगी। यदि किसी कर्मी या पदाधिकारी की लापरवाही या संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ह्यमंईयां सम्मान योजनाह्न का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद एवं पात्र महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत दी जा रही सहायता केवल उन्हीं महिलाओं को मिलनी चाहिए, जो योग्य हैं।

उपायुक्त अनन्य मित्तल

आम नागरिकों से अपील

जिला प्रशासन सभी लाभुकों और नागरिकों से अपील करता है कि वे योजना के अंतर्गत सही जानकारी उपलब्ध कराएं और यदि किसी को ऐसी अनियमितता की जानकारी हो तो उसे प्रशासन के संज्ञान में लाएं।

जमशेदपुर महिला विवि में 4 वर्षीय स्नातक कोर्स के लिए दाखिला शुरू

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय (जेएमयू) में सत्र 2025-26 के लिए चार वर्षीय स्नातक (अंडरग्रेजुएट) कार्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया 12 मई से शुरू हो रही है। यह प्रक्रिया झारखंड सरकार के चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी, जो छात्राओं को पारदर्शी और सुगम दाखिला अनुभव प्रदान करेगी। विश्वविद्यालय के बिष्टुपुर परिसर में कला, वाणिज्य और विज्ञान संकायों के साथ-साथ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे बीबीए, बीसीए, बायो-टेक्नोलॉजी, मास कम्युनिकेशन, और क्लीनिकल न्यूट्रीशन एंड डायटेटिक्स में दाखिला लिया जा सकता है। दाखिला प्रक्रिया 12 मई से 30 मई तक चलेगी। इच्छुक छात्राओं को चांसलर पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा, जहां उन्हें अपनी शैक्षणिक जानकारी और पाठ्यक्रम विकल्प दर्ज करने होंगे। विश्वविद्यालय ने दाखिला प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए बिष्टुपुर परिसर में हेल्प डेस्क की व्यवस्था की है, जो ऑनलाइन फॉर्म भरने में छात्राओं की सहायता करेगी। कुलपति डॉ. अंजिला गुप्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, विशेष रूप से अनुसूचित जाति और जनजाति की छात्राओं के लिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप, चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम छात्राओं को बहु-विषयक शिक्षा और कौशल विकास के अवसर प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय ने दाखिला प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया है। दाखिला संबंधी विस्तृत जानकारी और पाठ्यक्रम विवरण विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.jwu.ac.in पर उपलब्ध हैं। छात्राओं से अपील है कि वे समय सीमा से पहले आवेदन करें।

खाने के तुरंत बाद भूलकर भी न करें ये गलतियां, सेहत पर पड़ सकता है हानिकारक असर!

पैदल चलना शरीर के लिए लाभदायक है। इससे वजन घटाने और मधुमेह रोगियों को लाभ होता है, लेकिन कुछ लोगों के लिए खाने के बाद टहलना एक चुनौती हो सकती है। जी हां, डॉ. अनुज के अनुसार, खाने के बाद तीन छोटी सैर (प्रत्येक 10 मिनट) रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में 30 मिनट की एक लंबी सैर से अधिक प्रभावी हो सकती है। यह बेहतर परिणाम देता है, खासकर अगर इसे खाने के तुरंत बाद किया जाए।

डायबेटोलोजिया पत्रिका में प्रकाशित 2016 के एक अध्ययन के अनुसार, भोजन के बाद 10 मिनट की सैर से टाइप-2 मधुमेह वाले लोगों में रक्त शर्करा नियंत्रण में सुधार होता है। भोजन के बाद टहलने से इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ती है और पाचन के दौरान ग्लूकोज का उपयोग बेहतर होता है, जिससे शर्करा के स्तर में तेजी से होने वाली वृद्धि कम होती है।

खाने के बाद टहलने के फायदे

1. ब्लड शुगर नियंत्रित करें - खाने के बाद शरीर को अधिक इंसुलिन की जरूरत होती है। पैदल चलने से शरीर की कोशिकाओं को अधिक ऑक्सीजन और ऊर्जा मिलती है, जिससे रक्त शर्करा का शीघ्र उपयोग होता है और स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

2. हृदय स्वास्थ्य- नियमित रूप से हल्का व्यायाम जैसे टहलना हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और शरीर में रक्त परिसंचरण में सुधार करता है।

3. वजन प्रबंधन- मधुमेह रोगियों के लिए वजन कम रखना बहुत महत्वपूर्ण है। पैदल चलने से कैलोरी बर्न होती है और वजन नियंत्रण में मदद मिलती है।

क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

झारखंड के जन स्वास्थ्य अभियान में कार्यरत डॉक्टर अनुज कुमार कहते हैं कि खाने के बाद टहलना एक अच्छा व्यायाम है, लेकिन कुछ लोगों को खाने के बाद टहलने से बचना चाहिए। विशेषकर किसी भी पेट की सर्जरी के बाद।

खाने के बाद किसे टहलना नहीं चाहिए?

गैस्ट्रोपेरेसिस से पीड़ित लोगों में - इससे मतली या सूजन हो सकती है।

गंभीर हृदय रोग से पीड़ित लोगों में - खाने के बाद, रक्त प्रवाह पाचन पर केंद्रित होता है और परिश्रम के कारण हृदय पर दबाव पड़ सकता है।



हाइपोग्लाइसीमिया के रोगी - इंसुलिन या कुछ दवाओं का उपयोग करने वाले लोगों को चलते समय निम्न रक्त शर्करा का अनुभव हो सकता है।

आईबीएस) से पीड़ित लोग - यह एक गंभीर पाचन समस्या है। खाने के बाद टहलने से इसके लक्षण बढ़ सकते हैं।

कुछ लोगों को खाने के बाद चलने से चक्कर आना, सीने में दर्द या अत्यधिक थकान महसूस होती है, इसलिए उन्हें आराम करना चाहिए।

गर्मी में आग की भट्टी बन जाती है किचन, अपनी रसोई को ठंडा रखने के लिए करें ये 5 काम

कभी-कभी गर्मियों में कूलर या एसी के बिना रहना असंभव लगता है। यह मौसम उन लोगों के लिए विशेष रूप से थकाने वाला होता है जो दिन-रात रसोई में खाना पकाने में बिताते हैं। अधिकतर महिलाओं को लंबे समय तक रसोई में काम करना पड़ता है। उबलते बर्तनों, गर्म ओवन और खराब वेंटिलेशन के कारण रसोईघर अक्सर भट्टी में बदल जाता है, जिससे खाना बनाना मुश्किल हो जाता है। इस तरह आप कुछ आसान टिप्स अपनाकर किचन को ठंडा और आरामदायक बना सकते हैं, जिससे किचन में गर्मी काफी हद तक कम हो सकती है और आप आराम से खाना बना सकते हैं।

पर्दे और हरियाली का उपयोग करें

यदि आपके रसोईघर में बड़ी खिड़कियां हैं, तो उन्हें दिन के समय बंद रखें, प्रकाश और गर्मी को रोकने के लिए हल्के रंग के सूती पर्दे का उपयोग करें। आप अलमारियों पर इनडोर कूलिंग प्लांट भी लगा सकते हैं। हरियाली आसपास के वातावरण को अधिक ठंडा और आरामदायक बना सकती है। इसके अलावा आप रसोईघर के बाहर भी कुछ पौधे लगा सकते हैं। रसोईघर से गर्मी बाहर निकालने के लिए समय-समय पर खिड़की भी खोलें।

चिमनी और एग्जॉस्ट पंखों का उपयोग करें

यदि आपके रसोईघर में चिमनी या एग्जॉस्ट फैन है तो गर्मियों में उनका प्रयोग करें। वे धुआं, भाप और नमी को कम करने में मदद करते हैं तथा शरीर को अधिक आरामदायक और सूखा रखते हैं। इससे आपका रसोईघर लंबे समय तक ठंडा रहेगा।

सुबह खाना पकाएँ

गर्मियों के मौसम में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच गर्मी बहुत अधिक होती है। इसलिए, गर्मी से बचने के लिए सुबह जल्दी खाना पकाने की कोशिश करें। कई लोग दोपहर का भोजन सुबह 11 बजे से 1 बजे के बीच बनाना शुरू कर देते हैं, जब सूरज चमक रहा होता है। नाश्ता तैयार करने के बाद, अपना दोपहर का भोजन जल्दी से पकाने की कोशिश करें, खासकर उन चीजों को जिन्हें तैयार करने में लंबा समय लगता है।

अगर घर में नहीं आ रही है पॉजिटिव वाइब्स? तो आज ही ट्राई करें सही कलर, फर्नीचर और डेकोरेशन टिप्स

हर व्यक्ति एक ऐसा घर खरीदने का सपना देखता है जहां उसे शांति, सुखद और सकारात्मक ऊर्जा महसूस हो। इसलिए लोग घर की साज-सज्जा और वास्तु पर तो विशेष ध्यान देते हैं, लेकिन जब बात सजावट और फर्नीचर की आती है तो लोग सस्ते सामानों की ओर भागते हैं। वहीं, अगर आप अपने घर को थोड़ी समझदारी और रचनात्मकता के साथ सजाते हैं, तो घर न सिर्फ खूबसूरत दिखता है, बल्कि उसमें रहने वाले लोग भी खुश रहते हैं। आज इस लेख में हम सराफ फर्नीचर के सीईओ रघुनंदन सराफ से जानेंगे कि कैसे आप कुछ खास टिप्स और आइडियाज से अपने लिविंग रूम को ज्यादा सकारात्मक, आकर्षक और आरामदायक बना सकते हैं।

सही रंगों का उपयोग

पूरा दिन बाहर बिताने के बाद घर आने पर हर कोई शांति और आराम पाना चाहता है। इसलिए, आपको अपने कमरे की दीवारों पर बेज, हल्का भूरा और टेराकोटा जैसे रंगों पर विचार करना चाहिए। ये रंग आंखों को सुखा देते हैं। इसके अलावा, आपको अपने घर में लकड़ी का फर्नीचर भी रखना चाहिए, जिसमें डाइनिंग टेबल, कॉफी टेबल और बुकशेल्फ़ शामिल हैं। ऐसा करने से आप अपने घर में प्रवेश करते ही सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव करेंगे।

लाल और सुनहरे रंग में सजावट

रघुनंदन सराफ कहते हैं कि अगर आप अपने घर में सकारात्मक ऊर्जा और चमक लाना चाहते हैं तो आपको लाल और सुनहरे रंग का इस्तेमाल करना चाहिए। लाल रंग जोश और जुनून का प्रतीक है तथा सुनहरा रंग धन, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक है। आपको घर के लिविंग रूम में लाल कुशन, सुनहरे बॉर्डर वाले दर्पण, लाल कुर्सियां ??और सुनहरे डिजाइन वाले लैंप और फूलदान रखने चाहिए।

हरे पौधे लगाएँ

घर को ताज़ा रखने के लिए आपको इनडोर पौधे लगाने चाहिए। मनी प्लांट और बांस जैसे पौधे सौभाग्य और समृद्धि के प्रतीक माने जाते हैं। ये न केवल दिखने में सुंदर हैं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा भी लाते हैं।

बहुउपयोगी फर्नीचर

सराफ का कहना है कि यदि आपका घर छोटा है और आपके पास फर्नीचर के लिए कम जगह है, तो आप सोफा-कम-बेड, स्टोरेज के साथ बेंच, एक्सटेंडेबल डाइनिंग टेबल और मल्टीफंक्शनल ओटोमन जैसे फर्नीचर खरीद सकते हैं और जगह भी बचा सकते हैं।

कांच या दर्पण वाला फर्नीचर

यदि आप अपने घर को बड़ा दिखाना चाहते हैं, तो आप कांच या कांच का फर्नीचर खरीद सकते हैं। आप कांच के टॉप वाली साइड टेबल या दर्पण वाली डाइनिंग टेबल खरीदकर जगह को बड़ा दिखा सकते हैं। हालाँकि, वास्तु के अनुसार आपको पूर्व या उत्तर दिशा में दर्पण या खिड़की लगानी चाहिए।

फेंग शुई से संबंधित आसान फर्नीचर सेटिंग टिप्स

अगर आप घर का माहौल शांत और खुशहाल रखना चाहते हैं तो आपको कुछ फेंगशुई टिप्स अपनाने चाहिए। आपको लिविंग रूम का सोफा दरवाजे की ओर रखना चाहिए, ताकि आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखी जा सके। घर के फर्नीचर के कोने नुकीले नहीं होने चाहिए और घर में सामान ज्यादा बिखरा हुआ नहीं होना चाहिए। घर में सोफा और कुर्सियां हमेशा गोलाकार में रखनी चाहिए। ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

कपड़े धोने के बाद नहीं होगा प्रेस करने का झंझट, बस अपनाएं ये स्मार्ट हैक्स

कपड़े प्रेस करना हम सभी के लिए निश्चित रूप से उबाऊ होता है। विशेषकर, कोई भी व्यक्ति गर्मी की दोपहर में गर्म लोहे के सामने खड़ा नहीं होना चाहता। ऊपर से गर्मी, उमस और दिनभर भागदौड़ के कारण हम अपने कपड़ों को प्रेस करने में अपना समय और मेहनत दोनों बर्बाद करते हैं। हो सकता है कि आप भी गर्मियों में कपड़ों को प्रेस नहीं करना चाहते हों, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। जी हां, कुछ सरल उपाय हैं जिनका पालन करके आप अपने कपड़ों को बिना प्रेस किए भी ताजा और सिलवट रहित रख सकते हैं।

कपड़ों को बिना प्रेस किए भी सिलवटों से मुक्त रखना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं है। सही कपड़े के चयन से लेकर कपड़े धोने के कुछ टिप्स तक, कई सरल टिप्स हैं जो आपका समय, प्रयास और पसीना बचा सकते हैं। इसलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ सरल हैक्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप बिना इस्त्री किए भी कपड़ों को रिंकल फ्री रख सकते हैं-

कपड़ों का चयन बुद्धिमानी से करें

जब आप गर्मियों के मौसम में कपड़े खरीद रहे हों तो आपको केवल उसके हल्के वजन पर ही ध्यान नहीं देना चाहिए। यकीनन, इस मौसम के लिए कपास एक अच्छा कपड़ा माना जाता है, लेकिन इसे काफी प्रेस करना पड़ता है। इसलिए, आपको ऐसे कपड़े का चयन करना चाहिए जिसे इस्त्री करने की आवश्यकता न हो। उदाहरण के लिए, आप लिनेन मिश्रण से लेकर रेयान, निट और स्ट्रेच फैब्रिक तक का चुनाव कर सकते हैं। यदि आपको कपड़े के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, तो कपड़े खरीदते समय टैग पर रिंकल फ्री या नो आयरन की जांच कर लें।

कपड़ों को समझदारी से धोएं

आप अपने कपड़े कैसे धोते हैं, इससे भी बहुत फर्क पड़ता है। उदाहरण के लिए, मशीन में एक साथ बहुत सारे कपड़े न डालें जिससे उन्हें इधर-उधर घूमने के लिए जगह न मिले। इसके अलावा, कपड़े धोने के चक्र में फैब्रिक सॉफ़्नर या आधा कप सफेद सिरका मिलाएं, जिससे झुर्रियां कम हो जाएंगी। इसके अलावा, धोने के बाद हर कपड़े को अच्छी तरह हिलाएं और फैलाएं। शर्ट को हैंगर पर लटकाएं और उन्हें सही आकार में सुखाएं। इसके अलावा, झुर्रीदार कपड़ों के साथ ड्रायर में 2-3 बर्फ के टुकड़े डालें और 10 मिनट तक चलाएं। भाप से सिलवटें अपने आप हट जाएंगी।

घर पर बनाएं झुर्रियों से राहत देने वाला स्प्रे

आप कपड़ों पर प्रेस किए बिना ही झुर्रियां हटाने के लिए घर पर ही रिंकल रिलीफ स्प्रे तैयार कर सकते हैं। इसके लिए एक कप डिस्टिल्ड वाटर, एक चम्मच फैब्रिक सॉफ्टनर और एक चम्मच रबिंग अल्कोहल मिलाएं। आवश्यकतानुसार कपड़ों पर हल्का स्प्रे करें, फिर हाथ से सीधा करें। इसे 10 मिनट तक लटका कर सुखाएं।

स्टीमर के बिना भाप बनाने की तरकीब

यदि आपके पास स्टीमर नहीं है तो भी आप कपड़ों को सिलवट रहित बना सकते हैं। इसके लिए गर्म पानी से नहाते समय कपड़ों को बाथरूम में लटका दें। दरवाज़ा बंद कर दें और भाप को 10-15 मिनट तक अपना काम करने दें। इसके बाद अपने हाथों की मदद से कपड़ों को सीधा करें। सिलवटें आसानी से हटा दी जाएंगी।

शानदार जीत से भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति बना

ललित गर्ग

पहलगाम आंतकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफेशनल एवं सैन्य मानकों पर खरी उतरी।

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी तनाव एवं युद्ध की स्थितियों के बीच भारत ने बड़ा ऐलान करते हुए सीजफायर लागू किया। चार दिन चले सैन्य संघर्ष में परिस्थितियां और भी ज्यादा नाजुक हो गई थीं एवं पाकिस्तान की भारी तबाही हुई। दोनों परमाणु सम्पन्न देशों के बीच के बढ़ते तनाव के बीच समझौते के बाद भले ही पाकिस्तान के विनाश का सिलसिला थम गया हो, लेकिन उसकी एक भूल भारी का सबब बन सकता है। क्योंकि भारत ने यह बड़ा फैसले लेते हुए कहा था कि भविष्य में उसकी जमीन पर किसी भी आतंकवादी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसकी गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। पाकिस्तान की फितरत को देखते हुए भारत सरकार एवं भारतीय सेना अधिक चौकस, सावधान एवं सतर्क रहते हुए संघर्ष-विराम के लिये यदि सहमत हुई है तो उसका स्वागत होना चाहिए। जब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाकर कड़ा संदेश दे दिया तो संघर्ष विराम को एक समझदारी भरा फैसला ही माना जायेगा। यदि पाकिस्तान ने फिर आतंकवादियों को मदद-हथियार देकर भारत पर हमले करवाये तो उसकी हर हरकत का जवाब पहले से ज्यादा ताकतवर, विनाशकारी एवं विध्वसंक होगा। शनिवार को हुए समझौते के कुछ ही घंटों के बाद सीज फायर के अतिक्रमण ने बता दिया कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार के बजाय सेना ही समांतर रूप से सत्ता चला रही है। जिसे भारत-पाक के बीच शांति पसंद नहीं है। तभी भारत ने स्पष्ट किया है कि पाक के साथ बातचीत राजनीतिक, ईएएम स्तर पर या एनएसए के बजाय सिर्फ डीजीएमओ स्तर पर ही होगी।

पाकिस्तान को परमाणु ठिकानों पर हमले का डर सता रहा था, भय एवं डर की इन स्थितियों के बीच पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सहयोग मांगा एवं युद्ध विराम के लिये अपनी सहमति दी, भारत ने अपनी शर्तों पर, पाकिस्तान को झटका देने के बाद इस सीज फायर पर सहमति जताई है तो यह भारत का बडप्पन है, उसकी बड़ी सोच का ही परिचायक है और भारत की कूटनीतिक जीत है। एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाई गयी है। दुनिया ने भी भारत की सैन्य पराक्रम एवं स्वदेशी हथियारों की ताकत को देखा और समझा है। एक बानगी भर में जब पाकिस्तान ने पुंछ और राजौरी समेत रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया तो जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना ने भी पाकिस्तानी सेना के कई महत्वपूर्ण अड्डों को तबाह कर दिया। सेना ने रावलपिंडी समेत पाक सेना के 4 एयरबेस नष्ट कर दिए। पाकिस्तान की फतेह मिसाइल को हवा में ही खत्म कर दिया गया। लाहोर एवं करांची सहित पाकिस्तान में अनेक स्थानों पर भारी तबाही से सहम गये



पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये। भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम की धज्जियां उड़ाकर जिस तरह उसके प्रमुख एयरबेस ध्वस्त किए, उसके बाद उसके सामने और अधिक तबाही एवं शर्मिंदगी झेलने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया था।

यह ठीक है कि सैन्य टकराव रोकने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की, लेकिन इसका मूल कारण तो भारत का यह संकल्प रहा कि इस बार पाकिस्तान को छोड़ना नहीं है। भारत ने संघर्ष विराम केवल सैन्य टकराव रोकने तक सीमित रखकर कूटनीति एवं राजनीतिक परिपक्वता का ही परिचय दिया है। भारत ने पाकिस्तान को सही रास्ते पर लाने के लिए उसके खिलाफ सिंधु जल समझौते स्थगित करने जैसे जो कठोर फैसले लिए, वे यथावत रहेंगे। ये रहने भी चाहिए, क्योंकि धोखा देना एवं अपनी बात से बदलना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। इस पर यकीन के साथ कुछ कहना कठिन है कि अब वह भारत में आतंक फैलाने से बाज आएगा। उसने और खासकर उसकी सेना ने भारत के प्रति जो नफरत पाल रखी है, उसके दूर होने में संदेह है। भारतीय नेतृत्व को पाकिस्तान के प्रति अपने संदेह से तब तक मुक्त नहीं होना चाहिए, जब तक वह आतंक से तौबा नहीं करता और कश्मीर राग अलापना बंद नहीं करता।

सीजफायर की कहानी 9-10 मई की रात से शुरू होती है, जब पाकिस्तान पर करारा पलटवार करते हुए भारतीय वायुसेना ने पाक सैन्य ठिकानों पर ब्रह्मोस-ए क्रूज मिसाइल दाग दी। इस दौरान रावलपिंडी के नूरखान, चकलाला और पंजाब के सरगोधा एयरबेस को निशाना बनाया गया। यह हमला रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय के बेहद करीब हुआ। इसके बाद पीओके में जकोबाबाद, भोलारी और स्कार्दू एयरबेस को भी तबाह किया गया। भारत के द्वारा पाकिस्तानी एयरबेस पर हमले से बौखलाए पाक को अगला निशाना उनके परमाणु कमांड और कंट्रोल इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने का डर सताने लगा। ऐसे में पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी। अमेरिका पहले से दोनों देशों के संपर्क में था। मगर, परमाणु की बात सुनकर अमेरिका भी हड़बड़ी में आ गया।

पहलगाम आंतकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफेशनल एवं सैन्य मानकों पर खरी उतरी। जिसमें वायुसेना-नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ह्यऑपरेशन-सिंदूरह्ण की कामयाबी से बौखलाए पाक ने एलओसी समेत कई शहरों पर हमले किये, जिसे हमारे प्रतिरक्षातंत्र ने विफल किया। विदेशी डिफेंस सिस्टम के साथ मिलाकर बनायी गई कई परतों वाली प्रतिरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के तमाम हमले विफल कर दिए। तमाम विदेशी रक्षा विशेषज्ञों ने इस प्रणाली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। भारत के मारक हमलों के सामने असहाय पाकिस्तान ने अमेरिका, सऊदी अरब व चीन जैसे देशों से सीज फायर के लिये गुहार लगायी। लेकिन भारत ने अपनी शर्तों पर सीज फायर पर सहमति जतायी। प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि सीमा पार से यदि कोई गोली चली तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा।

पाकिस्तान का यह आरोप बेबुनियाद है कि तनाव की शुरूआत भारत ने की। भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को अभी तक निशाना नहीं बनाया है। दरअसल, आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान लंबे अरसे से दुनिया को गुमराह करता आया है। ताजा मामले में भी वह झूठ फैला रहा है कि भारत की स्ट्राइक उसके धार्मिक स्थलों पर हुई और इसमें आतंकी नहीं, आम नागरिक मारे गए हैं। यह झूठ दरअसल उसी साजिश का हिस्सा है, जिसके तहत आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग करके भारत में सांप्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास किया था। सच्चाई तो यह है कि धर्म को आतंक से पाकिस्तान ने जोड़ा है। आतंकवादियों को पालना-पोसना और उनके जरिये छद्म युद्ध लड़ना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है, लेकिन इस बार वह जिस तरह आम लोगों का इस्तेमाल ढाल की तरह कर रहा है, वह निंदनीय एवं शर्मनाक होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। इससे उसकी हताशा झलकती है।

भारत का मकसद आतंकवाद का खात्मा है, युद्ध नहीं है। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को साफ बताया था कि पाकिस्तान की किसी भी हरकत की प्रतिक्रिया विनाशकारी साबित हो सकती है। निस्संदेह, भारत की सटीक कार्रवाई और पाकिस्तान के हमलों को विफल बनाने से दुनिया में स्पष्ट संदेश गया कि भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति है। यह भी कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर न केवल सतर्क है बल्कि पाकिस्तानी हमलों को विफल बनाने की ताकत भी रखता है। भारतीय सेनाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन इसकी मिसाल है। आधुनिक तकनीक व मजबूत प्रतिरक्षा तंत्र के बूते भारत पाक के सैन्य प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों व प्रतिरक्षा प्रणाली को करारी चोट देने में सफल हुआ। पाक को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। वहीं उसके मित्र तुर्की व चीन द्वारा दिए गए हथियारों, ड्रोन व प्रतिरक्षा प्रणाली को भारतीय सेनाओं ने नेस्तनाबूद कर दिया। हमने दुनिया को बताया कि हम अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे। पाकिस्तान के पास विकल्प बहुत ज्यादा नहीं हैं। उसकी अर्थव्यवस्था इस संघर्ष को लंबा झेल पाने में असमर्थ है, युद्ध को तो वह भूल ही जाए। इसके बाद भी अगर वह दुस्साहस करने की सोच रहा है, तो यह जरूरी हो जाता है कि उस तक पहुंचने वाली मदद को भी रोका जाए। उसे आईएमएफ से नए राहत पैकेज का इंतजार है और भारत सरकार इसका विरोध करेगी। दुनिया को समझ लेना चाहिए कि पाकिस्तान को मिलने वाली कोई भी मदद आखिरकार आतंक फैलाने में ही इस्तेमाल होगी।

संपादकीय

सीजफायर पर ना-पाक सोच

भारत और पाकिस्तान के बीच 'ऑपरेशन सिंदूर' से शुरू हुआ संघर्ष शनिवार शाम थम जाने की घोषणा राहत भरी तो रही, मगर लड़ाई थमने के कुछ ही देर के बाद पाकिस्तान अपने करतूतों से बाज नहीं आया और देर रात तक भारतीय क्षेत्र में गोलीबारी करता रहा। स्वाभाविक है भारत ने भी इस हमले का तत्काल जवाब दिया। दिल्ली में सहमति की घोषणा के चंद मिनटों बाद ही पाकिस्तान की ना पाक हरकतें खत्म नहीं हुई और जम्मू-कश्मीर में सीमापार से गोलीबारी और ड्रोन हमले फिर शुरू हो गए। श्रीनगर में जहां 40 धमाके हुए वहीं आरएसपुरा, सांबा, ललियान और रामगढ़रू में भी देर रात तक धमाके होते रहे। भारत ने संघर्ष थमने को लेकर अपने आधिकारिक बयान में कहा कि बातचीत और संघर्ष को रोकने के लिए पाकिस्तान ने भारत से गुहार लगाई थी।

लाजिमी है कि भारत ने इसका सम्मान किया और दोनों देशों के ड़ीजीएमओ ने तय किया कि दोनों पक्ष शाम 5 बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी व सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। यह भी सहमति बनी है कि 12 मई दोपहर 12 बजे फिर से दोनों देशों के बीच बात होगी। हालांकि, जिस तरह का रवैया पाकिस्तान ने दिखाया है, वह काफी गंभीर है। मसलन; पहलगाम हमले में पूरी तरह उसकी संलिप्तता पाए जाने के बावजूद पाकिस्तान की ऐंठ बरकरार है। 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से ही पाकिस्तान भारत की सीमा पर भारी गोलीबारी करता रहा। जब भारत ने इसका करारा जवाब दिया तो उसने मिमियाते हुए जान बख्श देने की भीख मांगी। वैसे भारत में मोदी सरकार के अचानक से संघर्ष रोकने पर सहमति जताने को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आई है। कुछ का तर्क है कि भारत को आतंकवाद को खत्म करने को लेकर अपने टास्क को पूरा करने के बाद ही सहमति जतानी चाहिए थी, तो कुछ लोगों का कहना है कि भारत ने पाकिस्तान को जितना नुकसान पहुंचाना था उतना पहुंचा दिया है। बहरहाल, संघर्ष विराम के तत्काल बाद पाकिस्तान की गंदी हरकत से एक बार फिर दोनों मुल्कों के बीच तनाव की स्थिति है। अब भारत इससे कैसे निपटता है, यह देखना महत्त्वपूर्ण होगा। यह भी आने वाली तारीखों में स्पष्ट होगा कि दोनों देश के आला अधिकारी जब बातचीत के मेज पर बैठेंगे तो आतंकवाद, पाकिस्तानी इलाकों में चल रहे आतंकी कैंप आदि को लेकर उसकी सोच क्या है। फिलहाल, भारत को पाकिस्तानी हमले का पुरजोर जवाब देने में कंजूसी नहीं करनी चाहिए।

चिंतन-मनन

श्रम रहित परिश्रम

महर्षि वेदव्यास किसी नगर से गुजर रहे थे। उन्होंने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। मन में सवाल उठा- एक छोटा सा कीड़ा इतनी तेजी से क्यों भागा जा रहा है? उन्होंने कीड़े से पूछा- ऐ क्षुद्र जंतु! तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? कीड़ा बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं, यहां क्षुद्र कौन और महान कौन? क्या इनकी सही-सही परिभाषा संभव है? महर्षि सकपकाए। फिर सवाल किया- अच्छा बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां भागे जा रहे हो? इस पर कीड़े ने कहा-अरे! मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे कि पीछे कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है।

कीडे के उत्तर ने महर्षि को फिर चौंकाया। वह बोले- पर तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और अच्छा शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि! मैं तो कीड़े की योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, पर ऐसे प्राणी बहुत हैं जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझ कीड़े से भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। महर्षि उस नन्हे से जीव के कथन पर सोचते रहे, फिर उन्होंने उससे कहा- चलो, हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़े ने पूछा- किस तरह की सहायता? महर्षि बोले- तुम्हें उठाकर मैं आने वाली बैलगाड़ी से दूर पहुंचा देता हूं। इस पर कीड़े ने कहा- धन्यवाद! श्रम रहित पराश्रित जीवन विकास के सारे द्वार बंद कर देता है। मुझे स्वयं ही संघर्ष करने दीजिए। महर्षि को कोई जवाब न सूझा।

सत्य, भक्ति और संवाद के अग्रदूत देवर्षि नारद

योगेश कुमार गोयल

नारद मुनि की छवि को एक चुगलखोर अर्थात इधर की उधर करने वाले और आपस में भिड़ाकर क्लेश कराने वाले पौराणिक चरित्र के रूप में गढ़ दिया गया है लेकिन वास्तव में उनका प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक भक्त की पुकार भगवान तक पहुंचाना ही परिलक्षित होता रहा है। वे एक लोक से दूसरे लोक में भ्रमण करते हुए संवाद-संकलन का कार्य कर एक सक्रिय एवं सार्थक संवाददाता की भूमिका निभाते रहे हैं। संवाद के माध्यम से वे तोड़ने का नहीं बल्कि जोड़ने का कार्य करते हैं और पत्रकारिता के प्रथम पितृ पुरूष हैं। देवताओं के ऋषि होने के साथ-साथ वे ब्रह्माण्ड के प्रथम दिव्य पत्रकार के रूप में लोकमंडल के संवाददाता हैं। उन्हें देवताओं का दिव्य दूत और संचार का अग्रणी साधक माना गया है। उन्हें ब्रह्माण्ड का पहला ऐसा संदेशवाहक अर्थात पत्रकार माना जाता है, जो एक लोक से दूसरे लोक की परिक्रमा करते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान किया करते थे। मान्यता है कि देवर्षि नारद का जन्म ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष इसी दिन नारद जयंती मनाई जाती है, जो इस वर्ष 13 मई को मनाई जा रही है। इस दिन भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी का पूजन करने के पश्चात देवर्षि नारद की पूजा की जाती है। अपनी वीणा की मधुर तान से भगवान विष्णु का गुणगान करने और अपने श्रीमुख से सदैव नारायण-नारायण का जप करते हुए विचरण करने वाले नारद को महर्षि व्यास, महर्षि वाल्मीकि तथा महाज्ञानी शुकदेव का गुरू माना जाता है। कुछ शास्त्रों में नारद मुनि को त्रिकालदर्शी और विष्णु का अवतार भी माना गया है। श्रीमद्भागवद्पुराण के अनुसार सृष्टि में भगवान विष्णु ने देवर्षि नारद के रूप में तीसरा अवतार ग्रहण किया है। कुछ स्थानों पर उनका वर्णन बृहस्पति के शिष्य के रूप में भी मिलता है। धार्मिक पुराणों के अनुसार अनेक कलाओं तथा विद्याओं में निपुण देवर्षि नारद को संगीत की शिक्षा ब्रह्माजी ने स्वयं दी थी और भगवान विष्णु ने उन्हें माया के विविध रूप समझाए थे। मान्यता है कि देवर्षि नारद ने ही भक्त प्रह्लाद, भक्त अम्बरीष, भक्त ध्रुव इत्यादि भगवान विष्णु के कई परम भक्तों को उपदेश देकर उन्हें भक्ति मार्ग में प्रवृत्त किया था। उन्होंने ही भृगु कन्या लक्ष्मी का विवाह भगवान विष्णु के साथ कराया। देवराज इन्द्र को समझा-बुझाकर देव नर्तकी उर्वशी का पुरुरवा के साथ परिणय सूत्र कराया। इसके अलावा वे कई अत्याचारी महाराक्षसों द्वारा जनता के उत्पीड़न का वृत्तांत भगवान तक पहुंचाकर उनके विनाश का माध्यम भी बने। महर्षि वाल्मीकि को रामायण की रचना करने के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि समस्त युगों, कालों, विधाओं और वर्गों में सम्मान के पात्र रहे नारद जी को सभी लोकों के समाचारों की जानकारी रखने वाले कवि, मेधावी नीतिज्ञ तथा एक प्रभावशाली वक्ता के रूप में स्मरण किया जाता है। जन-जन के हितकारी देवर्षि नारद किस प्रकार धरती पर विभिन्न प्राणियों को दुखी देखकर स्वयं भी दुखी हो जाया करते थे, इसका उल्लेख भी एक पौराणिक कथा में मिलता है। कथानुसार, एक बार देवर्षि नारद ने बैकुंठधाम जाकर भगवान विष्णु से निवेदन किया कि वे पृथ्वी पर लोगों को दुखी देखकर खुद बहुत दुखी हैं क्योंकि वहां धर्म के रास्ते पर चलने वाले लोगों का नहीं बल्कि गलत कार्य करने वालों का ही भला होता है। भगवान विष्णु ने कहा कि हे नारद! ऐसा नहीं है और जो कुछ भी हो रहा है, सब नियति के जरिये ही हो रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर ऐसा आपने क्या देख लिया, जिसके आधार पर आप यह कह रहे हैं? तब देवर्षि ने कहा कि उन्होंने जंगल में दलदली जमीन में फंसी एक गाय देखी। एक चोर वहां आया और गाय को दलदल में फंसी देखकर भी उसकी कोई मदद करने के बजाय वह उसी पर चढ़कर दलदल लांघकर निकल गया, जिसे आगे जाकर सोने की मोहरों से भरी एक थैली मिली। कुछ पलों बाद वहां एक वृद्ध साधु आए, जिन्होंने काफी प्रयासों के बाद गाय को दलदल से बाहर निकाल दिया लेकिन थोड़ा आगे जाने पर वही साधु एक गहरे गड्ढे में गिरकर घायल हो गए। आखिर यह कौनसा न्याय है? देवर्षि की बातें सुनने के पश्चात भगवान विष्णु ने कहा कि जो चोर गाय पर चढ़कर भाग गया था, उसकी किस्मत में तो एक बड़ा खजाना था लेकिन उसके इस पाप के कारण उसे केवल कुछ ही मोहरें मिली जबकि साधु को गड्ढे में इसलिए गिरना पड़ा क्योंकि उनके भाग्य में मृत्यु लिखी थी लेकिन गाय को बचाने के कारण उनके पुण्य बढ़ गए और उनकी मृत्यु एक छोटी सी चोट में बदल गई। भगवान विष्णु ने उन्हें समझाते हुए कहा कि किसी भी इंसान के कर्म से ही उसका भाग्य तय होता है। सद्गुणों के अथाह भंडार और समस्त शास्त्रों में प्रवीण देवर्षि नारद को शास्त्रों में मन का ऐसा भगवान कहा गया है, जो किसी भी होनी-अनहोनी को समय रहते पहचान लेते हैं। उन्हें वेदों और उपनिषदों का मर्मज्ञ, न्याय तथा धर्म का तत्वज्ञ, शास्त्रों का प्रकांड विद्वान, इतिहास व पुराण विशेषज्ञ, औषधि ज्ञाता, योगनिष्ठ, ज्योतिष एवं संगीत विशारद, भक्ति रस का प्रमुख तथा अतीत की बातों को जानने वाला माना गया है। वे एक ऐसे पौराणिक चरित्र हैं, जो तत्वज्ञान में परिपूर्ण हैं। पच्चीस हजार श्लोकों वाला प्रसिद्ध 'नारद पुराण' देवर्षि द्वारा ही रचा गया है, जिसमें उन्होंने भगवान विष्णु की भक्ति महिमा के साथ-साथ मोक्ष, धर्म, संगीत, ब्रह्मज्ञान, प्रायश्चित इत्यादि कई विषयों की मीमांसा प्रस्तुत की है। इसके अलावा संगीत का एक उत्कृष्ट ग्रंथ 'नारद संहिता' भी है।

महान वैज्ञानिक डॉ आर चिदंबरम याद किए गए

संजय गोस्वामी

भारत के परमाणु परीक्षण के पुरोधा डॉ आर चिदंबरम 11मई 25 को याद किए गए पोखरण -2 परमाणु परीक्षण नेशनल टेक्नोलॉजी दिवस पर 11मई25, को डॉ चिदंबरम की याद में वैज्ञानिक जनवरी -मार्च 25 का अंक का पुनः याद किया गया का डॉ आर चिदंबरम का 4 जनवरी 2025 में 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया, था वे भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे.निश्चित रूप से परिषद के लिए उनका योगदान अहम व प्रेरणास्त्रोत हिंदी विज्ञान में एक नई क्रांति मुंबई के वैज्ञानिकों ने 1968 में हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद की नींव रखी और 2साल बाद वैज्ञानिक पत्रिका का सतत प्रकाशन हुआ जो आज भी ऑनलाइन माध्यम से चल रही है औ? हाल ही में महान वैज्ञानिक डॉ आर चिदंबरम के निधन पर वैज्ञानिक का जनवरी - मार्च 25 का अंक डॉ चिदंबरम स्मृति विशेषाँक निकाल कर श्रद्धांजलि अर्पित की व 11मई 25 पोखरण दिवस पर उनको यह अंक समर्पित किया गया क्योंकि वो पूर्व में हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद के अध्यक्ष थे इस अंक में प्रमुख रूप से उनके विज्ञान पर मुख्य संस्थान में दिए गए भाषण व छात्रों का प्रेरणादायक पलों व गणमान्य विज्ञान लेखकों द्वारा सजाया गया है जिसमें मुख्य लेखकों में डॉ दया शंकर त्रिपाठी, डॉ मनीष मोहन गोरे, डॉ सरोज शुक्ला, डॉ संजय कुमार, बीएचयू,श्री सत्य प्रभात प्रभाकर, श्री राजेश कुमार मिश्र, श्री उत्तम सिँह गहरवार, डॉ अंकिता मिश्रा, डॉ दीपक कोहली, डॉ हेमलता पंत, डॉ मनोज सिंह, श्री बी एन मिश्र, श्री प्रकाश कश्यप आदि प्रमुख हैं साथ ही हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद के कार्यक्रम में मुख्य अथिति में डॉ चिदंबरम से सम्मान लेने वाले विद्वतजन में वैज्ञानिक के पूर्व संपादक,डॉ गोविन्द प्रसाद कोठियाल, डॉ जय प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व सचिव, हिवीसाप,समारोह में शामिल पूर्व अध्यक्ष, डॉ एच मिश्रा, डॉ कोठियाल जी, व श्री आर के मिश्रा जी आदि गणमान्य हिंदी विज्ञान संचारकों की याद ताजा हुई डॉ चिदंबरम सर जब परिषद के अध्यक्ष थे तो पटना में हुई नाभिकीय पदार्थ पर जनवरी 1992 में एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया था जो निश्चित रूप से विज्ञान के प्रति नवयुवको शिक्षाविदों, वैज्ञानिक व शोधार्थी को नाभिकीय विज्ञान के प्रति गहरी रूचि को दशार्ता है जो निश्चित रूप से आज के युवाओ के लिए प्रेरणादायक है ऐ सब हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद के मंच की शोभा को बढ़ाते हैं इस अंक में विज्ञान और टेक्नोलॉजी विभाग के सचिव का भी संदेश उनके प्रति आदर व सम्मान को बढ़ाता है

अतः राष्ट्रीय अस्तर पर हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद ही एक मात्र ऐसी संस्था बची है जो इन उद्देश्यों को पूर्ण कर सकती है नई कार्यकारिणी का गठन हेतु 18 मई 25 को अनुशक्तिनगर में विशेष आम सभा बुलाई गई है आम सभा से पहले चुनाव अधिकारी श्री बलवंत सिंह ने नई कार्यकारिणी 25-27 हेतु सभी चयनित उम्मीदवार के परिणाम प्रस्तुत किए हैं

जो निम्न है अध्यक्ष - कृष्णा कुमार वर्मा - -उपाध्यक्ष - ब्रजेश कुमार सिन्हा,सचिव,शेर सिंह मीणा, संजय गोस्वामी -सयुंक्त सचिव,राज कुमार डाबरा - कोषाध्यक्ष बी.एन मिश्रा -सयुंक्त कोषाध्यक्ष,

सदस्य हेतु डॉ सुभाष दोन्दे,अश्विनी कुमार मिश्रा, संजू वर्मा, राजेश कुमार सचान - अनिल अहिरवार प्रकाश कश्यप - आलोक कुमार त्रिपाठी,कृष्णा कुमार वर्मा आदि निर्विरोध चुने गए हैं

जो18 मई 25 को आम सभा में आवेदकों का नाम अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करेंगे जिसके बाद में नई संपादक मंडल व व्यवस्थापन मंडल के सदस्य बनाए जायेंगे व नई कार्यकारिणी के सदस्यों को वर्तमान कार्यकारिणी के को अब परिषद के आगे के कार्यक्रम के बारे में बताया जायेगा जो सभा में उपस्थित सभी लोगों ने स्वीकार हो परिषद के सभी आजीवन सदस्यो से अपील है कि पुनः आम सभा में उपस्थित है क्योंकि वैज्ञानिक के वर्तमान अंक में डॉ आर चिदंबरम के विशेष अंक का सफल प्रकाशन से उन्हें याद किया गया महान परमाणु वैज्ञानिक का भारत में नाभिकीय ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया औ? पोखरण-1 व पोखरण 2 परमाणु परीक्षण में मुख्य भूमिका थी खासबात यह है कि वे बहुत पहले हिन्दी विज्ञान के अध्यक्ष भी थे और उनका आकस्मिक निधन मुंबई में परमाणु वैज्ञानिक डॉहै , हिंदी के कार्यकारिणी समिति के चुनाव हेतु सचिव ने अधिसूचना जारी कर दि है आवेदन पत्र भेज दे. हिन्दी विज्ञान की लोकप्रिय पत्रिका वैज्ञानिक से जुड़े सभी विज्ञान लेखकों पाठकों और सृजनशील व्यक्तियों के निरंतर सहयोग, स्नेह, विश्वास और वैज्ञानिक से लगाव है। इसके मुख्य संपादक श्री राजेश कुमार मिश्र हैं व संपादकीय बोर्ड के सदस्य सर्वश्री, राजेश कुमार, केके वर्मा, डॉ संजय कुमार पाठक व वैज्ञानिक के व्यवस्थापक ,सर्वश्री श्री नवीन त्रिपाठी, बी.एन. मिश्र,अनिल अहिरवार, प्रकाश कश्यप, बधाई के पात्र हैं.विज्ञान साहित्य का ऐसा मिला-जुला ढंग उस साहित्य के सृजन में सहायक होता है जो पूर्णतः भौतिकवादी होता है तथा शुद्ध कला का निर्माण नहीं करता है.हिंदी विज्ञान की पत्रिका वैज्ञानिक का योगदान विज्ञान संचार हेतु जरुरी है ताकि इससे नवविज्ञान लेखकों को एक वैज्ञानिक मंच मिल सके.हिंदी में विज्ञान संचार हेतु हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद का 55वर्षों से अधिक का लम्बा इतिहास रहा है राष्ट्रभाषा हिंदी आपसी सहयोग, साहचर्य एवं प्यार की भाषा है। इसे विश्वसमुदाय में स्थापित करना इन मूल्यों के संवर्द्धन हेतु अत्यंत लाभप्रद होगा।हिंदी को विश्वभाषा बनाने के मकसद से इस विश्वविद्यालय ने दो महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Touchstones: Hope, pride and moving on

As I sit down to write this column, my mind is so distracted by the continuous stream of reports, opinions and predictions on the ongoing skirmish between India and Pakistan that I am unable to think clearly.There is no one who can defend the attack on innocent tourists in Pahalgam on April 22, nor is it possible to remain calm and unmoved by the manner in which the men of a certain religion were singled out and shot dead in front of their loved ones. The whole country is outraged and as the bodies of those unfortunate victims reached their native states and homes (virtually every part of the country), the intensity of anger and hatred went ballistic. Our media channels and all the social media handles set up such a chorus that it required immense self-control to be able to plan the midnight attacks across the border without harming civilian or military enclaves.

What is also evident is that, as Jaishankar said once, the West thinks that its problems are the world's concern but that the world's problems are of little consequence to the West. The attack in Pahalgam was no different from the one by Hamas on Israel's young people attending a rock concert. And yet, none of those countries that supported Israel as it launched a pogrom on Gaza and the poor civilians of Palestine caught between this crossfire had a word of solace to offer us. For days, the BBC beamed pictures of the late Pope's funeral and the conclave that will elect the new Pope. A radio silence on Pahalgam followed until it was shamed into squeezing a perfunctory reference to the conflict between India and Pakistan, almost as if we are two nations hyphenated for life over Kashmir. Donald Trump's declaration that we have been at war for decades, nay centuries, is too stupid even by his own standards of idiocy to merit a response.Let us face it, most of the world's problems today are a harvest that was seeded by the colonial European powers decades, nay centuries, ago (to misquote the great Trump). South Asia, the Middle East, Africa, Latin America — all the current hotspots of war and unrest are paying the price for the loot and pillage of Britain, France, Belgium and Portugal over the past two centuries. However, they will face the consequences of their own actions soon enough. Britain is already under threat from its Muslim immigrants and large parts of the country are under the control of these aggressive groups. Whether they like to admit it or not, matters are no better in southern Europe and even the Scandinavian countries. Truth be told, India is perhaps the only country in the world where Muslims live in relative harmony with the majority community. So, somewhere in the past, we must have done something good. Look at the way in which all of Kashmir and most Muslim leaders across India stood in solidarity after Pahalgam.

